कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 301, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 27 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### युवा संविधान को समझें, यह आज की अहम जरूरतः मोदी

## भारत लोकतंत्र की जननीः पीएम

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ई-कोर्ट परियोजना के तहत विभिन्न नई पहलों का शुभारंभ किया। इसके तहत वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, जस्टिस मोबाइल एप 2.0, डिजिटल कोर्ट और एस3डब्ल्यूएएस वेबसाइट शुरू की गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आज 26/11 मुंबई आतंकी हमले का दिन भी है। 14 साल पहले भारत जब अपने संविधान का पर्व मना रहा था, उसी दिन मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला किया था। मैं इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**दुनिया हमें उम्मीद की नजरों से देख रहीः** पीएम मोदी ने कहा, भारत की मजूबत होती अंतरराष्ट्रीय छवि के बीच दुनिया हमें उम्मीद की नजरों से देख रही है। यह देश जिसके बारे में कहा जाता था कि वह बिखर जाएगा। आज यह देश पूरे सामर्थ्य से आगे बढ़ रहा है। इन सबके पीछे हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है। हमारे संविधान की प्रस्तावना की शुरूआत में जो 'वी द पीपुल' लिखा है, यह शब्द नहीं एक भावना है, एक प्रतिज्ञा है।

**कानूनों को किया जा रहा सरलः** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के संविधान ने देश की सभी सांस्कृतिक और नैतिक भावना को समाहित किया है। मुझे संतोष है कि आज देश मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में अपने आदर्शों और संविधान की भावना को मजबूत कर रहा है। देश की माताएं-बहनों का सशक्तीकरण हो रहा है। सामान्य मानवी के लिए आज कानूनों को सरल बनाया जा रहा है। समय से न्याय के लिए हमारी न्यायिक प्रणाली कई कदम उठा रही है। मैं इन प्रयासों के लिए सभी को बधाई देता हूं। अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए ही हम देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाते हैं। आज भारत के सामने नित नए अवसर बन रहे हैं।

**जी-20 की अध्यक्षता मिलना बड़ा अवसरः** पीएम मोदी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने वाली है। यह बहुत बड़ा अवसर है। हम सभी टीम इंडिया के रूप में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बढाएं। यह हम सभी का सामूहिक दायित्व है। भारत की मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में पहचान है, इसे और सशक्त करना है।

**युवा संविधान को समझें, यह देश की अहम जरूरतः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो ओपेन व फ्यूचरिस्टिक है और अपने आधुनिक विजन के लिए जाना जाता है। इसलिए स्वाभाविक तौर पर हमारे संविधान की स्पिरिट यूथ सेंट्रिक है। पीएम ने कहा कि युवाओं को देश के संविधान को समझना चाहिए। जब हमारा संविधान बना, तब देश के सामने क्या परिस्थितयां थीं? संविधान सभा की बहसों में उस समय क्या हुआ था? इसकी जानकारी युवाओं को होनी चाहिए। इससे उनकी समझ और बढ़ेगी।




### इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है: किरेन

**इस** मौके पर कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, संविधान वह आधारशिला है जिस पर भारतीय राष्ट्र खड़ा है और हर गुजरते साल नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। आज यह अवसर मुझे संविधान निर्माताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा, हमें बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर के शब्दों को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है। इस आजादी के बाद हम कुछ भी गलत के लिए अंग्रेजों को दोष नहीं दे सकते। रिजिजू ने कहा, भारत जैसे देश में 65% आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। इन क्षेत्रों में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषा ही समझ का माध्यम है। उन्होंने कहा, ऐसे में न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में भाषा एक कथित बाधा बन जाती है। दरअसल, कानूनी सामग्री आम आदमी की समझ में आने वाली स्थानीय भाषा में उपलब्ध नहीं है।

### कोर्ट लोगों तक पहुंचे: सीजेआई चंद्रचूड़



**इस** दौरान प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत का संविधान सिर्फ कानून की नहीं बल्कि मानवीय संघर्ष ओर उत्थान की कथा भी कहता है। उन्होंने कहा, संविधान का निर्माण लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यह आवश्यक है कि न्यायपालिका लोगों तक पहुंचे और लोगों से उस तक पहुंचने की अपेक्षा न करे। सीजेआई ने कहा, मेरा दायित्व है कि मैं हाशिए पर मौजूद लोगों के लिए न्याय सुलभ कराने का इंतजाम करूं।

समिति करेगी कानून के कठित शब्दों का करेगी अनुवाद- किरेन रिजिजू: इस मौके पर कानून मंत्री ने कहा, पीएम मोदी ने कई अवसरों पर न्याय प्रणाली में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने की बात की है। इसके तहत कानून मंत्रालय के तत्वावधान में, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भारतीय भाषा समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व सीजेआई एसए बोबडे करेंगे। उन्होंने बताया, यह समिति कानूनी सामग्री का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करेगी ।

## हमें जेल में बंद लोगों के लिए कुछ करना चाहिए: मुर्मू

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जेल में छोटे-मोटे मामलों में बंद विचाराधीन कैदियों का मुद्दा उठाया और सरकार तथा न्यायपालिका से मिलकर इस दिशा में कोई समाधान खोजने का आग्रह किया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने व्यक्तिगत अनुभवों और पृष्ठभूमि दोनों के माध्यम से अशिक्षित और न्यायिक प्रक्रियाओं से अपरिचित पिछड़े वर्ग की समस्या का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमें जेल में बंद लोगों के लिए कुछ करना चाहिए। उन्हें न तो मौलिक अधिकारों का पता है और न ही उनके मौलिक कर्तव्यों का। कुछ वहां 15 साल, 20 साल, 25 साल से हैं। द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि यह लोग छोटे-मोटे विवाद में जेल पहुंच जाते हैं। इन्हें डर के कारण उनके जानने वाले भी बचाने के लिए आगे नहीं आते हैं। वे स्वयं भी समाज डर के कारण बाहर नहीं आना चाहते। ऐसे लोगों तक न्यायिक व्यवस्था कैसे पहुंच सकती है, विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कत्ल कर भी आजाद घूम रहे होतें है और यह लोग छोटे-मोटे अपराधों में सालों जेल में काटते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस दौरान जेलों के भरे होने और नई जेलों के निर्माण कराए जाने की मांग पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जेलों का बढ़ाया जाना प्रगति की निशानी नहीं है। हमें जेलों में बंद लोगों के लिए प्रयास करना चाहिए। प्रयास कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना चाहिए।

### तीसरा बड़ा सर्वेक्षण पोत 'इक्षक' हुआ लॉन्च

**चेन्नईः** भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा हुआ है। दरअसल, आज चेन्नई के कट्टुपल्ली में दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लाइंग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पीहोली की उपस्थिति में सर्वे वेसल्स 'इक्षक' को लॉन्च किया गया। भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे चार बड़े सर्वेक्षण पोत के प्रोजेक्ट के तीसरे पोत 'इक्षक' की लॉन्चिंग मील का एक पत्थर साबित होगी। सर्वे वेसल्स 'इक्षक' के नौसेना में शामिल होने के बाद समुद्री सुरक्षा की निगरानी में काफी मदद मिलेगी।

## 'मेरी विदेश नीति मेरे देश और मेरे लोगों के हित में'



**नई दिल्लीः** रूस और यूक्रेन के बीच बीते नौ महीनों से चल रहा युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। हमले के बाद से जहां अमेरिका और पश्चिमी देश रूस की घेराबंदी में लगे हैं। ये देश भारत के रूख को लेकर भी सवाल खड़े करते रहे हैं। हालांकि, भारत अपने तटस्थ रुख पर कायम है। इस बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दो टूक शब्दों में इस तटस्थ रुख को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि हम दूसरे लोगों की मांगों के लिए देश की विदेश नीति नहीं चला रहे हैं। विदेश मंत्री ने शुक्रवार को कहा, मैं अन्य लोगों की मांगों के लिए विदेश नहीं चला रहा हूं। मेरी विदेश नीति मेरे देश और मेरे लोगों के हित में है। मेरा मानना है कि भारत के हितों की अच्छी तरह से सेवा की जानी चाहिए। हम गंभीरता से इसकी वकालत करते हैं और चाहते हैं कि युद्ध समाप्त हों। मुझे लगता है कि ऐसा करना सही। अगर मैंने वहीं किया होता जो अमेरिका ने कहा था, तो मैं खुद के और किसी ओर के काम नहीं आता। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जयशंकर ने आगे कहा, कई बार हम भी उन चीजों के साथ रहे हैं, जो आपने (पश्चिमी देशों) कीं हैं। अब इसके साथ (भारत की विदेश नीति) जिएं। उन्होंने कहा, भारत का युद्ध को लेकर गंभीर रुख रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री के हाल के मिलाने की विपक्ष की आलोचना को खारिज किया और कहा कि मोदी चीन पर बहुत दृढ़ रहे हैं। उन्हें चीन-भारत सीमा पर हमारी सेना की मजबूत तैनाती से आंका जाना चाहिए। चीन को लेकर जयशंकर ने कहा, यह वास्तविकता है कि ये दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत निकटतम पड़ोसी है। लेकिन ये भी है कि इसके साथ हमारा एक कठिन इतिहास, संघर्ष और बहुत बड़ा सीमा विवाद रहा है। एक समाचार समूह के शिखर सम्मेलन में शिरकत करते हुए जयशंकर ने कहा कि चीन से निपटने का सही तरीका दृढ़ रहना है।

### भाजपा नगर निकाय का चुनाव गंभीरता से ले रही : केशव मौर्य



**वाराणसीः** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि जिस तरह आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। उसी तरह पार्टी मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव भी जीतेगी। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आये उप मुख्यमंत्री यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाबा विश्वनाथ के दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद नगर निकाय चुनाव को लेकर सर्किट हाउस में भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर विमर्श भी किया। उन्होंने बताया कि पार्टी नगर निकाय का चुनाव पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से ले रही है। नगर निकायों में कमल पहले से ही खिला हुआ है। हम पूरे विश्वास के साथ कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में फिर कमल ही खिलेगा।

### "राजभवन चलो" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए किसान : एसकेएम

## किसानों ने बड़े मार्च और रैलियां निकाली



**नई दिल्लीः** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को कहा कि संगठन की ओर से आज आवाह्न किए गए राष्ट्रव्यापी"राजभवन चलो" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। एसकेएम के आह्वान पर आज मजदूरों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं और आम लोगों के समर्थन के साथ किसानों ने बड़े मार्च और रैलियां निकाली। इसमें 25 राज्यों की राजधानियों, 300 से अधिक जिला मुख्यालयों और कई तहसील मुख्यालयों पर विरोध सभाएं आयोजित की गईं। कुल मिलाकर, यह अनुमान है कि पूरे भारत में 3000 से अधिक विरोध प्रदर्शन हुए। एसकेएम ने कहा कि किसान विरोधी भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने और किसानों की मांगों का ज्ञापन सौंपने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के 'राजभवन चलो' आह्वान में शामिल होने के लिए पांच लाख से अधिक नागरिक सड़कों पर उतरे। राज्य के राज्यपालों के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को, केंद्र में सत्ताधारी दल की किसान विरोधी गतिविधियों में हस्तक्षेप करने और रोकने के लिए किसानों ने अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। एसकेएम ने कहा कि संबंधित राज्यों की प्रमुख स्थानीय मांगों के साथ (1) सभी फसलों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत सीटू 50 फीसदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) (2) एक व्यापक ऋण माफी योजना के माध्यम से कर्ज मुक्ति (3) बिजली संशोधन विधेयक, 2022 को वापस लेना (4) लखीमपुर खीरी में किसानों व पत्रकारों ।

### बड़ी लड़ाई के लिए तैयार हों किसान : राकेश



**लखनऊ। भारतीय** किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शनिवार को लखनऊ में किसानों से बड़ी लड़ाई के लिए तैयारी करने की अपील की है। राजधानी लखनऊ के ईको गार्डेन में आयोजित किसान महापंचायत में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले कहा बिजली मुफ्त देंगे फिर कहा मीटर लगेंगे। जब मीटर लगेंगे तो बिजली मुफ्त कैसे दी जाएगी। किसानों का धान आधे रेट में व्यापारी और आधी में सरकार खरीदेगी। उन्होंने कहा कि किसान पराली जलाएंगे तो मुकदमे होंगे। बिना पराली के ऐसी कौन सी तकनीक है कि धान पैदा किया जा सकता है। यह सरकार झूठ बोल रही है। राकेश टिकैत ने किसान महापंचायत की घोषणा की। किसानों ने राजभवन मार्च भी स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत कर हम जल्द ही सरकार से दो-दो हाथ करेंगे। क्योंकि सरकार ने कागजों पर लिखकर वादा करने के बावजूद उनका पालन नहीं किया है। टिकैत ने किसानों से कहा कि वह ट्रैक्टर और ट्विटर दोनों ही चलाना सीखें। उन्होंने कहा कि चाहे जेवर एयरपोर्ट हो, आजमगढ़ हो या लखनऊ के किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है ।

## मैनपुरी का उपचुनाव भारत-पाक के मैच जैसा: ब्रजेश



**मैनपुरीः** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में पाकिस्तान का जिक्र कर नया दांव खेल दिया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह चुनाव भारत- पाकिस्तान के मैच जैसा है। इसलिए जात-पात से ऊपर उठकर भाजपा को वोट करें। सपा शासन में गुंडाराज था। मैनपुरी की जनता से यह सब सहा है। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट कर सपा को सबक सिखाएं। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को भोगांव में युवा सम्मेलन और मैनपुरी में प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामान्य क्रिकेट मैच हम सब देखते हैं। परंतु जो मैच कम अंतर वाला हो या भारत-पाकिस्तान के बीच है। उस मैच को देखने का आनंद चार गुना बढ़ जाता है। मैं जहां जा रहा हूं, वहां लोग जात- पात से ऊपर उठकर भाजपा को वोट कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के समय में भले आदमी की इज्जत-आबरू सुरक्षित नहीं थी। महिला- बेटियां घर से निकलने से डरतीं थी। थाने- चौकियों पर गुंडों का कब्जा था। वे कहते थे समाजवादी पार्टी का नारा है, खाली प्लाट हमारा है। कोई दुकान, मकान ऐसा नहीं था, जहां सपा का झंडा लगाकर कब्जा नहीं किया गया। अब प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। गुंडे माफिया या तो प्रदेश छोड़ गए हैं या जेल में हैं। दूसरी तरफ केंद्र सरकार आतंकवाद के खात्मे में जुटी है। केंद्र सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों को खदेड़ने का कार्य किया है। इसलिए निर्भीक होकर गुंडाराज का जवाब देने के लिए भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को जिताने का काम करें।

### जैन को कोर्ट से झटका: स्पेशल फूड की याचिका खारिज

**नई दिल्लीः** मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली है। स्पेशल जज विकास धूल ने उनके धार्मिक विश्वास के मुताबिक भोजन उपलब्ध कराने की मांग खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन ने सत्येंद्र जैन के इन आरोपों से इनकार कर दिया था कि उन्हें उनके धार्मिक विश्वास के मुताबिक भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जेल प्रशासन ने कहा था कि जैन जेल के भोजन की बजाय अपनी पसंद का खाना चाह रहे हैं।

## गोरखपुरः अब फ्लाईओवर, फोरलेन, सीवरेज व जल निकासी के बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात



**गोरखपुरः** साढ़े पांच साल पहले तक पिछड़ेपन का दंश झेलने वाला गोरखपुर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद तेजी से मेट्रोपोलिटन सिटी बनने की राह पर है। इसी के अनुरूप यहां इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सुदृढ़ किया जा रहा है। शानदार रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज व और जल निकासी के इंतजाम देश के बड़े महानगरों की तर्ज पर किए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के मद्देनजर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों चार प्रमुख परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री फ्लाईओवर, सीवरेज, जलनिकासी और फोरलेन के बड़े प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ करने आ रहे हैं। 1821.61 करोड़ रुपये की लागत वाली चार परियोजनाओं के शिलान्यास का समारोह रविवार शाम चार बजे वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे उनमें महानगर में जलभराव की समस्या का ठोस समाधान करने वाली गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट भी है। गोड़धोइया नाला एवं रामगढ़ताल के जीर्णोद्धार तथा नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट के निर्माण से संबंधित परियोजना की कुल लागत 474.42 करोड़ रुपये है। रविवार को ही सीएम योगी 561.34 करोड़ रुपये की लागत वाली गोरखपुर सीवरेज योजना सी पार्ट 2 की भी आधारशिला रखेंगे। उनके हाथों 96.50 करोड़ रुपये की लागत वाले जेल बाईपास फोर लेन पर खजांची चौराहे पर फ्लाईओवर का भी शिलान्यास होगा। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद खजांची चौराहे पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही भटहट से बासस्थान मार्ग के फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री करेंगे। इस प्रोजेक्ट की लागत 689.35 करोड़ रुपये है। यह फोरलेन भटहट के पिपरी में निर्माणाधीन प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय तक सुगम यातायात उपलब्ध कराने में मददगार होगा।

## रबी क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 24.13 लाख हेक्टेयर की हुई वृद्धि : तोमर



**नई दिल्ली। केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि रबी क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 24.13 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। तोमर ने शनिवार को मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रबी फसलों की स्थिति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 138.35 लाख हेक्टेयर की तुलना में 152.88 लाख हेक्टेयर में गेहूं क्षेत्रफल में वृद्धि दर्ज की गई है। तोमर ने फसलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 138.35 लाख हेक्टेयर की तुलना में अभी तक गेहूं की 152.88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई की गई है, क्योंकि प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में पिछले वर्ष की तुलना में गेहूं की क्षेत्रीय कवरेज में भी वृद्धि दर्ज की है।

# नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे गंगादूत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की ओर से नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगा दूतो का प्रशिक्षण का श्री दूधनाथ सिंह यादव इंटर मीडिएट कालेज आयोजन में किया गया। समापन अवसर पर वन विभाग से उपप्रभागीय अधिकारी संगीता ने सभी गंगा दूतों को स्वच्छ ता अभियान से जुड़ने हेतु बधाई दी और कहा नदियां हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नदियों के किनारे सघन वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, उद्योगों का अनुपचारित पानी, प्लास्टिक तथा जैविक पदार्थ नदियों में नहीं मिलने देना चाहिए।



जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने कहा भू-जल स्तर, पारिस्थितिकी तंत्र एवं जैव विविधता को स्थिर रखने के लिए नदियों के प्रवाह क्षेत्र प्रदूषण मुक्त रखना बेहद जरूरी है।जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने नमामि गंगे परियोजना के बारे में बताया तथा सभी गंगा दूतों को गंगा नदी की अविरलता और पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया । प्रधांचार्य प्रदीप यादव ने कहा को गंगा की सफाई सबकी नैतिक जिम्मेदारी है जेआरएफ श्वेता ने बताया कचरे को प्रबंधन करना बहोत जरूरी है, क्योकि यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है।दो दिवसीय कार्यशाला मे राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यो के बारे में जानकारी दी ' नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से ट्रेनर देवेंद्र ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया। ट्रेनर विजय बिंद ने जल प्रदूषण और उसके प्रबंधन पर चर्चा करी। ट्रेनर चेतन ने जैविक खेती पर व्याख्यान दिया। रोहित ने सभी गंगा स्वछता शपथ दिलाया ' समापन मे अतिथि ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अमन रोहित, का अहम योगदान रहा '

## एसडीएम करछना ने समाधान दिवस पर की सुनवाई

**नैनी।** थाना समाधान दिवसर के अवसर पर थाना नैनी कोतवाली परिसर में जन सुनवाई की गई, आपको बता दें कि राजस्व विभाग एवं क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एसडीएम करछना एवं क्षेत्राधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान जनता से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सभी को निर्देशित किया गया इस मौके पर नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह समस्त चौकी इंचार्ज क्षेत्र के राजस्व विभाग के लेखपाल कानूनगो एवं नैनी थाने की एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जयसवाल मौजूद रहे

# मऊआइमा नगर पंचायत कार्यालय में लगा विधुत शिविर बढाए गए लोड लाखों की हुई वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को एक विधुत शिविर लगाया गया । जिसमें पावरलूम मालिकों ने अपने अपने कारखानों का लोड बढवाया। और विधुत विभाग ने लाखों की वसूली भी की।

मऊआइमा नगर पंचायत कार्यालय में विधुत विभाग के एसडीओ नवीन कुमार यादव ,अवर अभियंता गदाईपुर मुकेश कुमार मौर्या तथा गुलकाईपुर उप केन्द्र के अवर अभियंता प्रमोद कुमार सरोज ,लिपिक उमेश चन्द्र , पिंटू सिंह लाइन मैन लालचन्द्र ,अशोक कुमार आदि ने मऊआइमा नगर पंचायत के अलावा बागी ,बटहा, मरखामऊ आदि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे पावरलूम कारखानों में से 42 कारखाना मालिकों का लोड बढवाए तथा चार लाख पचपन हजार दो सौ की वसूली भी की गई। । इस



अवसर पर एस डीओ नवीन कुमार यादव ने सभी उपभोक्ताओं से अपील किए कि ओवरलोड कारखाना मालिकों तथा दुकानदार, घरेलू उपभोक्ता अपना लोड बढवा लें। कटियामारी से परहेज करें तथा बाईपास कतई न चलाएं। पकडे जाने पर सख्त कार्यवाही होगी। इस अवसर पर पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब अंसारी ,उपाध्यक्ष मोहम्मद दानिश ,मोहम्मद रईस , मोहम्मद सलीम अंसारी ,शाहिद अख्तर ,अकील अहमद ,रसीद अहमद ,नवील अख्तर आदि भी मौजूद थे और विधुत विभाग का सहयोग भी किए।

# तीन अलग अलग गांवों में मार पीट सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस तीनों मामलों में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरनाम का पूरा उंचडीह निवासनीय गीता देवी पत्नी लालजी का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मारा पीटा गया। और जान से मारने की धमकी दी गई। गीता देवी ने मऊआइमा थाने में शोभनाथ ,सरिता देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम भानेमऊ निवासी विनोद कुमार पुत्र ननकूराम का आरोप है कि बांस काटने के विवाद को लेकर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। विनोद कुमार ने मऊआइमा थाने में देवराज ,सतीश ,गोलू ,डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम लोकई का पूरा निवासनीय शबाना बानों पत्नी मोहम्मद शाहिद का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसे बिना वजह मारता पीटता है। शबाना बानों ने मऊआइमा थाने में अपने पति मोहम्मद शाहिद पुत्र जलील अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# नैनी इंस्पेक्टर ने सरगम चौराहे पर लगाया चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रशासन के साथ मिलकर जिला अपराध निरोधक समिति की यूथ टीम अपनी सेवा देते हुए सरगम चौराहा छिवकी मोड़ पर यातायात जागरूकता अभियान के साथ वाहन चेकिंग और हैंड बिल पर्चा देकर लोगों को जागरूक करवाया गया।

जिसमें प्रशासन की ओर से नैनी थाना इस्पेक्टर बृजेश सिंह, एसआई सर्वेश कुमार, एसआई सुरेंद्र सिंह नैनी चौकी कस्बा इंचार्ज उमाशंकर सिंह एसआई जन्मेजय , एसआई अभिनव कुमार यस आई रामानंद एसआई विपिन पाल यस आई उमेश यादव कांस्टेबल कुश आदि पुलिस गण शामिल थे जिला



अपराध निरोधक समिति की और से कार्यक्रम अधिकारी शशांक मिश्रा, संदीप चंद्र श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रभारी अभिषेक मिश्रा, सोहनलाल पांडेय सुजीत गौतम,आदि सदस्यगण यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में सेवा में लगे हुए थे और आगे भी यातायात जागरूक अभियान कार्यक्रम पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर 28 तारीख तक जिला अपराध निरोधक टीम के द्वारा चालू रहेगा वहीं मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि फोर व्हीलर में सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाना चाहिए एवं बाइक पर चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं

# लोकमणि इंटर कॉलेज भोगन में मनाया गया संविधान दिवस

### छात्रों को संविधान निहित अधिकारों की दी गई जानकारियां

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** पिपुल्स वाइस संगठन उत्तर प्रदेश के द्वारा लोकमणि इण्टर कॉलेज भोगन में संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य उपस्थित रहे भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के द्वारा ही पूरे समाज को ताकत मिली है। अगर संविधान न होता तो समान अधिकारों के बात



की प्रासंगिकता अधूरी रहती। आज संविधान की ही देन है कि देश का हर नागरिक समान अधिकार व समान कर्तव्य का भागी बना हुआ है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य किसान नेता ललन सिंह पटेल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ संविधान में निहित अधिकारों को भी पढ़ें जिससे हमारे नैतिक कर्तव्य व अधिकार क्या है इसकी भी जानकारी हो सके। पीपुल्स वाइस संगठन के द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि रहे किसान नेता ललन सिंह पटेल के द्वारा पांच स्थान प्राप्त अव्वल छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। अधिकार क्या है इसकी भी जानकारी हो सके। इसी प्रकार पीपुल्स वाईस संगठन की कार्यकर्ती अंतिमा राव ने भी संविधान में निहित अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए बच्चों को संविधान के प्रति जागरूक किया और संविधान पर आस्था रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संविधान दिवस समारोह में आए हुए अतिथियों का स्कूल के छात्रों के द्वारा स्वागत की गीत के माध्यम से स्वागत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह व संचालन सभ्या शाक्या ने किया। संविधान दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरविंद कुमार, इरफान अंसारी, आशीष रंजन, अंगूरा जू, कृष्ण प्रकाश, निभा, नारेंद्र, सर्वेश, नीरज समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग व स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## भाजपा नेता का ट्रैक्टर ट्रॉली चोरों ने किया पार, हड़कम्प

**घूरपुर।** क्षेत्र के बादलगंज गांव निवासी भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा के घर के सामने खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली को शुक्रवार की रात चोरों ने पार कर दिया,शनिवार की सुबह घर के लोग जगे तो ट्रैक्टर गायब देख हड़कम्प मच गया । ट्रैक्टर चोरी की शिकायत घूरपुर पुलिस से की गई है ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के बादलगंज गांव के हाइवे पर ही भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा का रिलायन्स पेट्रोल पंप के पास ही घर है । शनिवार की शाम ट्रैक्टर चालक घर के सामने ही रोज की तरह ट्रैक्टर ट्रॉली समेत खड़ा करके चला गया। इधर भोर में जब घर के लोगों की नींद खुली और बाहर निकल कर देखा तो ट्रैक्टर ट्रॉली समेत गायब था । ट्रैक्टर चोरी की सूचना घर के लोगों को हुई तो हड़कम्प मच गया । भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा ने ट्रैक्टर चोरी की शिकायत घूरपुर पुलिस से की है । पुलिस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल में लग गई है । ट्रैक्टर चोरी होने के सम्बंध में ग्रामीणों ने कहा कि हाइवे से ट्रैक्टर चोरी की घटना और इरादतगंज चौराहे से ही हवाई पट्टी की ओर ट्रैक्टर जाने की सीसीटीवी की फुटेज दिखने से जहां पुलिस की पिकेट चौबीस घंटे तैनात रहती है ,पुलिस की सक्रियता पर संदेह जाहिर करती है।

# अपर जिलाधिकारी नगर ने संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका की दिलायी शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार ने संविधान दिवस के अवसर पर संगम सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलायी ,हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों कोः सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949, ई0(मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद्‌वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।संवैधानिक



आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखण्डता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगे। सामाजिक संस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता के आदर्शो को बढ़ावा देंगे।

## 26/11 के शहीदों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि'

### शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि वआतंकवाद से लड़ने की शपथ दिलाइ

**अखंड भारत संदेश**




**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने सिविल लाइंस चौराहे पर अपने सहयोगियों के साथ 26/11 के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन करते हुए कहा कि हम अपने वीर सैनिकों की शहादत को कभी भूल नहीं पाएंगे हमारा देश अपने सैनिकों और सिपाहियों की बदौलत ही सुरक्षित है देश की रक्षा तभी होगी जब हम अपने बच्चों को सही इतिहास से परिचित कराएं। सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि हमें किसी भी कीमत पर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीदों को नहीं भूलना है और उनकी कुर्बानियों को सदैव जीवित रखना है समाज के सभी वर्गों को देश की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए' आज के ही दिन 26/11/2008 को मुम्बई के ऊपर पाकिस्तानी आतंकवादी ने हमला किया जिसमें 166 लोगों की जानें गई,हमारे कई पुलिस के बहादुर सिपाहीयों ने कुबार्नी दी,एनकाउन्टर स्पेलिषट श्री विजय सलासकर जी, ए टी एस चीफ श्री हेमंत करकरे की शहादत हुई। आज पूरे 14 साल के बाद भी वह खौफनाक मंजर देश भूला नहीं है।

# नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई मे मनाया गया 'संविधान दिवस'



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दिनांक 26 नवम्बर को नागरिक स्नातकोत्तर महा विद्यालय जंघई मे राजनीति विभाग द्वारा 'संविधान दिवस 'मनाया गया।राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ अमित कुमार पांडेय ने आज के दिन की महत्ता पर विस्तृत एवं समग्र प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि संविधान किसी भी देश का जीवन रथ होता है। यह एक जीवंत दस्तावेज है जिसमें परिस्थितियों और आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन होता रहता है।


उन्होंने बताया कि जिस प्रकार गीता अनेक उपनिषदों रूपी गाय का अमृत रस है जिसे गोपाल कृष्ण ने अर्जुन को बछड़ा बनाकर विद्वानों के पानार्थ दुहा है। उसी प्रकार बाबा साहेब नें भी एक अमृत कलश के रूप में संविधान का निर्माण किया। मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य को एक दूसरे का पूरक और संविधान को ही सर्वोपरि ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉक्टर बृजेश यादव एवं प्राचीन इतिहास विभाग के सुरेन्द्र यादव ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय? के लगभग 55 छात्राएं एवं 25 छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बाइक से गिरने से घायल व्यक्ति की जिलाअस्पताल में हुई मौत, कोहराम

### पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, परिजनों ने किया दाह संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव से बड़ोखर बाजार आए एक व्यक्ति की वापस घर लौटते समय रास्ते में बाइक से गिरकर घायल व्यक्ति की मौत हो गई। रास्ते से जा रहे गांव के लोगों ने देखा कि बाइक सवार गिरा हुआ है, जिसकी पहचान होने पर सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक चंदापुर



गांव के रहने वाले हरिप्रसाद सिंह उर्फ बोली पुत्र चिंतामणि शुक्रवार शाम को बड़ोखर बाजार आए हुए थे जहां से घर के जरूरी कार्यों को कर रात 9 बजे के आसपास घर वापस लौट रहे थे कि गांव से थोड़ी ही दूर पर सड़क के किनारे बाइक से गिर गए और गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गई। हादसे की सूचना परिजनों द्वारा रात में ही पुलिस को दे दी गई थी। एसआरएन अस्पताल में हरि प्रसाद उर्फ बोली को मृत घोषित करने के बाद शव पोस्टमार्टम में चला गया। पोस्टमार्टम के दौरान कोरांव पुलिस मौजूद रही। मृतक हरिप्रसाद को चार पुत्रियां व एक पुत्र हैं। सबसे बड़ी बेटी किरण सिंह की शादी हो गई है। जबकि वंदना सिंह रिशु सिंह व शशि सिंह की अभी शादी नहीं हुई है। हादसे को लेकर पत्नी इकलौते बेटे अमन सिंह समेत बेटियों एवं अन्य परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक हरि प्रसाद तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।



# समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी सुनी फरियाद

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाने पर शनिवार को लगे समाधान दिवस में जिला अधिकारी संजय खत्री लोगों की फरियाद सुनी और मातहतोंको शिकायत को निष्पक्षता से निस्तारण का निर्देश दिया।

शनिवार को झूंसी थाने पर समाधान दिवस चल रहा था इसी बीच जिला अधिकारी संजय खत्री, एसडीएम फूलपुर, तहसीलदार के साथ पहुंचे। मौजूद फरियादियों ने उन्हें अपनी अपनी समस्या बताई। जिलाधिकारी के निर्देश पर समाधान दिवस में आई चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। कुल 9 शिकायत आई थी। इस दौरान एक अधिवक्ता व थाने के दरोगा से शिकायत को लेकर तू तू मैं मैं भी हुई।

# सेंट जॉन्स एकेडमी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुआ



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** शनिवार को सेंट जॉन्स एकेडमी की वार्षिक खेलकूद मीट का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।इस कार्यक्रम में एसजेए स्पोर्ट्स एरिना में दर्शकों की भारी भीड़ देखी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्थान के माननीय निदेशक श्री सी. वी. इनेस और श्रीमती डी. इनेस थे।स्पोर्ट्स मीट की शुरूआत मिस्टर इनेस ने की और इसके बाद चार सदनों (डॉलफिन, टाइगर्स, पांडा और ईगल्स) की टीम के सदस्यों ने मार्च पास्ट किया। इसके बाद स्कूल क्वायर ने स्कूल सॉन्ग गाया और प्रथागत शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

खेल के इस महाकुंभ की शुरूआत फैंसी रेस और ड्रिल के रंगारंग प्रदर्शन के साथ हुई, जिससे उत्साही भीड़ ने खूब तालियां बटोरी। यह कार्यक्रम स्प्रिंट्स, पिरामिड-फॉर्मेशन, रिले रेस और बहुप्रतीक्षित टग-ओ-वार जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सामने आया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन श्री सी. वी इनेस ने सभा को संबोधित करते हुए और विजेताओं को बधाई देते हुए किया। समग्र विजेता टाइगर हाउस को प्रतिष्ठित चैंपियन शील्ड भेंट की गई। प्राचार्य डॉ जेड रिजवी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया और राष्ट्रगान के गायन के साथ पर्दा गिराया गया। इसके साथ एसजेए की शानदार और सावधानीपूर्वक आयोजित वार्षिक खेल बैठक संपन्न हुई।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अन्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### बैठक में अनुपस्थित खण्ड विकास अधिकारी शंकरगढ़ का वेतन रोकने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत कुल 123 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, जिसके अन्तर्गत डीपीआर बनाकर नाली के माध्यम से पानी के निकास, घरों से निकलने वाले तरल पदार्थों के प्रबंधन की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही घरों से निकलने वाले वेस्टेज को इकट्ठा करके निस्तारित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने इस कार्य को समय से पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वर्मी कम्पोस्ट भी तैयार करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इसकी पैकेजिंग कराकर मार्केट में लाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने एसएलडब्लूएम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सचिवों एवं सफाई कर्मियों 15 दिनों में प्रशिक्षण कराये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर खण्ड विकास अधिकारी शंकरगढ़ का वेतन रोकने के निर्देश दिए है। उन्होंने डीपीआरओ से कार्यों की जानकारी लेते हुए ग्राम पंचायत वार रोस्टर बनाये जाने के भी निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, डीडीओ भोलानाथ कनौजिया तथा सभी खण्ड विकास अधिकारीगण सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गृहकर, ओटीएस आदि मुद्दा शामिल करने की मांग

**प्रयागराज।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे से सदन हाल में प्रस्तावित है। पुनरीक्षित बजट को लेकर बैठक में चर्चा होगी। ऐसे में बैठक में कई अन्य एजेंडा शामिल करने की मांग अलोपीबाग पार्षद कमलेश सिंह ने महापौर एवं नगर आयुक्त से की है। पार्षद के अनुसार जलकल नगर निगम में नया स्लैब रेट लागू करने के लिए जो आय से संबंधित है, उसे एजेंड में शामिल किया जाय। गृहकर में ओटीएस योजना लागू कराने, गृहकर में परिवर्तन एवं परिवर्धन भी नहीं हुए है जबकि किराया दर भी नगर निगम की ओर से नहीं बढ़ाया गया है, ऐसे में वार्षिक मूल्यांकन किस आधार पर बढ़ रहा है सदन में यह भी परिचर्चा में शामिल किया जाय।

## बीकानेर मिष्ठान भंडार में आग से लाखों का नुकसान

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी योजना -3 जीटी रोड स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार में शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने से सब कुछ जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां किसी तरह आग पर काबू पाया जिसकी वजह से मार्केट में स्थित अन्य दुकानों को नुकसान से बचाया जा सका।

राजस्थान के रहने वाले नोवेन्द्र सिंह ने वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर स्थित झूंसी के आवास विकास कॉलोनी योजना-3 में बीकानेर मिष्ठान भंडार खोल रखा है। वह कालोनी में ही रहते है और सभी कर्मचार मिष्ठान भंडार के ऊपर रहते हैं। शुक्रवार की रात 11 बजे के करीब वो मिष्ठान भंडार बंद कराकर घर के लिए निकल गए। देर रात मिष्ठान भंडार में आग लग गई आग लगने की सूचना कर्मचारियों ने मालिक को दी तो वह भाग के आये पता खोलते ही आग का गोला शटर के बाहर निकलने लगा।

मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जब तक लोग कुछ कर पाते आग की लपटें इतनी भयानक हो गई थी तीसरे तल को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुची और आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई लेकिन अंदर रखी लाखो की मिठाई के साथ सारा सामान जल कर खाक हो गया। समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी जिसकी वजह से आसपास की दुकानों को बचाया जा सका नहीं तो भारी नुकसान हो सकता था। मिष्ठान भंडार के मालिक नोवेन्द्र ने बताया कि करीब 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है जिसमें कुछ कैश भी जलकर राख हो गया है।

## सरहंगई और प्रशासनिक अनदेखी का शिकार एक पत्रकार परिवार

### डीएम,एसडीएम,डीएसपी के आश्वाशन और हुक्म पर भी नहीं मिल रही मदद

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** तहसील कोराव में एक सरहग द्वारा एक निर्बल पत्रकार परिवार स्थानीय तहसील और पुलिस प्रशासन की मुकदर्शकता के चलते अपने पुराने पुश्तैनी मकान का जीणोंर्धार नहीं करा पा रहा,जिससे सरहगों के चलते नहीं हो पा रहा है दो साल से लटका रखे पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी सुखलाल विश्वकर्मा पत्रकार के पिता मोतीलाल और उनकी मां को मिले सरकारी आवास की रकम से निर्माण कार्य की इंतजारी करते करते स्वर्ग वाशी हो गए और अब उनकी मां वृद्ध भी ईश्वर को प्यारी होने वाली हैं किंतु पुलिस और प्रशासन को कानून व्यवस्था के तहत सरहगों को सबक सिखाने से डर लग रहा है।बता दें कि खजूरी ग्राम सभा में स्थित पत्रकार शर्मा का पुश्तैनी मकान कच्चा बना हुआ है किंतु दो साल पूर्व बरसात से मकान गिर गया। जिस पर सरकार द्वारा एक इंदिरा आवास प्रदान किया गया। जब आवास निर्माण होने लगा तो सरहाग लोग दो साल से आकर उक्त मकान के बगल जमीन खरीद किया। और पत्रकार के वृद्ध माता पिता को देख उनके मकान पर चली गई और कब्जा करने की नियत से मुद्दतों से बने पुश्तैनी मकान को मरम्मतीकरण कार्य को जबरजस्ती रोक दिया । पत्रकार ने काफी समय अपने मकान को सिद्ध करने के लिए अफसरों को संतुष्ट करने के लिए बर्बाद किया पत्रकार के पिता पिछले साल स्वर्ग वासी हो गए। अब माता भी वृद्ध हो गई हैं। पत्रकार का भाई साथ में रह कर मान की सेवा कर रहा है किंतु अपना ही पुश्तैनी मकान गिरने पर मिले इंदिरा आवास को भी नहीं बना पा रहा है। जो आश्चर्य है। डीएम से ले कर एसडीएम सिओ मेजा तक ने पुलिस को मकान निर्माण में बाधा डालने वालों के खिलाफ करवाई का आदेश दिया फिर भी कुच नहीं हुआ। पत्रकार विश्वकर्मा का आरोप है कि विपक्षी पैसे वाला है इसी से राजस्व विभाग और पुलिस नहीं लोड ले रही। फिलहाल एक पुश्तैनी मकान को एक सीधा साधा परिवार अपने ही मकान को बना न सके मरम्मत न करा सके। और सरहग नंघई करे यह स्थानीय प्रशासन को शोभा नहीं देता। पत्रकार विश्वकर्मा ने मुख्य मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया है।

## अधिवक्ता पर हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने कचहरी रोड पर लगाया जाम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिला न्यायालय के वकीलों ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। भूमि विवाद में अधिवक्ता पर हुए हमले के विरोध में सड़क पर वकीलों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान रास्ताजाम कर दिया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन देकर वकीलों को शांत कराया। रास्ताजाम के दौरान राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने जाम खुलवाया तो लोगों को राहत मिलीवकीलों ने कचहरी रोड को जाम कर दिया। अधिवक्ता रामआसरे पर भूमि विवाद में हमले के विरोध में शनिवार को वकीलों ने कचहरी रोड पर रास्ताजाम कर दिया। साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगाया गया। वकीलों के रास्ताजाम से काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम खुलवायोझूंसी निवासी वकील से विपक्षियों से मारपीट की। बताया गया है कि गंगापार के झूंसी निवासी अधिवक्ता राम आसरे का कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उसी को लेकर विपक्षियों ने उनसे मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने उनके पैसे भी छीन लिए और बीचबचाव करने आए चाचा सहित अन्य लोगों से भी अभद्रता कीइस घटना में पुलिस ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की, जिससे नाराज कचहरी के तमाम वकील शनिवार को सड़क पर उतर कर जमकर हंगामा किया। वकीलों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विपक्षियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर पहुंचे कर्नलगंज के सीओ और इंस्पेक्टर फोर्स के साथ पहुंचे। वकीलों को आश्वासन दिया, समझा-बुझाकर किसी तरह मामले को शांत करायो

## बी.एन.टी कॉलेज मेजा बना वॉलीबाल का चैम्पियन

### वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवाकला,मांडा बना उपविजेता

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा रोड।** स्थानीय रामनगर, डोरवा स्थित डी.कुमार कॉन्वेंट स्कूल के खेल मैदान पर डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए), प्रयागराज के तत्वावधान में विभिन्न श्रृंखलाओं में आयोजित की जाने वाली वर्तमान सत्र 2022-23 की पाँचवी सब जूनियर बालकों की ₹ वालीबाल लीग प्रतियोगिता ₹ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ और वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवाकला,मांडा के बीच तीन सेटों का खेला गया। जिसमें बी.एन.टी कॉलेज मेजारोड ने वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवाकला,मांडा की टीम को 25 - 20 और 25 - 19 अंकों से हराकर पाँचवी सबजूनियर वॉलीबाल लीग प्रतियोगिता की शील्ड अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के खेलें गए अन्य मैचों में बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ ने वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर की टीम को 25 - 18 और 25 - 20 अंकों से, वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवाकला ने वॉलीबाल क्लब गौनोरा की टीम को 25 - 16 और 25 - 21 अंकों से, इंटर कॉलेज महेवाकला ने स्पोर्टिंग क्लब गरेथा की टीम को 25 - 18 और 25 -19 अंकों से, रेलवे स्टेशन मांडारोड़ ने मिश्रपुर को 25 - 22 और 25 - 20 अंकों से, स्पोर्टिंग क्लब गरेथा ने डी.कुमार पब्लिक स्कूल को 25 - 16 और 25 - 19 अंकों से, राम प्रताप इंटर कॉलेज सिरसा ने डी.कुमार पब्लिक स्कूल को 25 - 22 और 25 - 21 अंकों से, रेलवे स्टेशन मांडारोड़ ने वॉलीबाल क्लब गौनोरा की टीम को 25 - 23 और 25 - 21 अंको से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। समापन समारोह की अध्यक्षता मेजबान विद्यालय के प्रबंधक राम मिलन पटेल ने की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर उर्फ रिंकू ओझा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार वितरित करते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारें पूर्व वॉलीबाल खिलाड़ी व मिश्रपुर वॉलीबाल क्लब के अध्यक्ष टी.एन.सिंह ने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए मेजबान विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व समस्त स्टॉप तथा पधारें हुए समस्त खिलाड़ियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य डी.राम.भारतीया ने सभी अतिथियों को बैच व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के.पी.सिंह, प्रभाकर चौबे, दिनेश कुमार पटेल, रुद्रमणि द्विवेदी, असफाक अहमद, अनुज तिवारी, संतोष भास्कर, के.पी.कनौजिया, रंजय मिश्रा, पवन पटेल, राजेश यादव, धीरेंद्र वर्मा, माजिद अहमद, राकेश भास्कर, आदिल अंसारी आदि खिलाड़ी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## झुलसे युवक की मौत,प्लांट की तरफ से नौकरी और आर्थिक मदद के आश्वासन पर माने परिजन

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़।** पीपीजीसीएल बारा में संविदा के पद पर कार्यरत रहे राम सिंह यादव का इलाज के दौरान निधन हो गया। उसे एसजीपीजीआई लखनऊ में भर्ती करवाया गया था। शुक्रवार की देर शाम लखनऊ से शव प्रयागराज लाया गया। इसके बाद राम सिह यादव के परिजन शव लेकर पीपीजीसीएल के गेट पर पहुंच गए। गेट पर बवाल की सूचना मिलते ही पावर प्लांट प्रबंधन के लोग मौके पर पहुंचे और मृतक राम सिंह यादव के परिजनों से बातचीत की और आर्थिक मदद, नौकरी का आश्वासन देकर परिजनों का गुस्सा शांत कराया।

बताते चलें कि प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत संविदाकर्मी राम सिंह यादव (34) पुत्र विक्रम सिंह यादव पर चोरी का आरोप लगाते हुए नौकरी से निकाल दिया गया था। इस मामले की जानकारी होने पर 16 नवंबर को राम सिंह यादव ने प्लांट परिसर में ही तेल उड़ेलकर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसे राम सिंह को पहले एसआरएन ले जाया गया। आराम नहीं होने पर उसे इलाज के निमित्त एसजीपीजीआई ले जाया गया,पर उसे बचाया नहीं जा सका।

शुक्रवार की रात पीपीजीसीएल के गेट पर प्रदर्शन के दौरान पीड़ित पक्ष व पावरप्लांट प्रबंधन से वार्ता हुई, जिसके बाद प्लांट की तरफ से लिखित में आश्वासन दिया गया, इसके बाद परिजनों व नाराज लोगों का गुस्सा शांत हुआ।मृतक के पिता विक्रम सिंह यादव ने बताया कि प्लांट की तरफ से लिखित में नौकरी व आर्थिक मदद का आश्वासन दिया गया है। प्लांट की तरफ से विक्रम सिंह यादव को मृतक की पत्नी आशा यादव को नौकरी व एक लाख रुपये की तात्कालिक सहायता व दोनों बच्चों को दो-दो लाख रुपये की एफडी दिए जाने का भरोसा प्लांट की तरफ से दिया गया है। इसके अलावा पद रिक्त होने पर विक्रम के तीन अन्य बेटों को समायोजित किए जाने का भरोसा पावरप्लांट की तरफ से दिया गया है। फिलहाल घर के कमाऊ पूत राम सिंह यादव की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी आशा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शुआट्स में मनोवैज्ञानिक परीक्षणों पर राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन




**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** शिक्षक शिक्षा विभाग, इलाहाबाद स्कूल आफ एजूकेशन, शुआट्स द्वारा मनोवैज्ञानिक परीक्षण के निर्माण और विकास पर आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। सह-संगठन सचिव डॉ. चेतना पांडे द्वारा समापन समारोह की मेजबानी की गई।

रेवरेंड लाल चुंगनुंग पी. गंगटे, विश्वविद्यालय के चैपलिन ने उद्घाटन प्रार्थना की।

एसोसिएट डीन और सह-संयोजक डॉ. सामला एस. मसीह ने मुख्य अतिथि को प्लांट भेंट करके सम्मानित किया। डीन प्रो. सिस्टर मैरियन मैथ्यू सी.जे. ने समापन समारोह के लिए मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. आनंद प्रकाश पाण्डेय को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। एसोसिएट प्रोफेसर एवं आयोजन सचिव डॉ. प्रेम प्रभा सिंह ने साप्ताहिक कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डा. आनंद पाण्डेय ने इस बात पर जोर दिया कि मनोवैज्ञानिक परीक्षण मानव व्यवहार के विभिन्न पहलुओं को समझने में अनुसंधानकर्ता की मदद करते हैं, जिसके परिणाम न केवल स्वयं शोधकर्ता के लिए बल्कि बड़े पैमाने पर समाज के लिए सहायक होते हैं। डा. सिस्टर मैरियन मैथ्यू सी.जे जीवन भर सीखने के पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस तथ्य की ओर ध्यान आकृष्ट किया कि नियति से अधिक महत्वपूर्ण अनुसंधान की यात्रा है।

पूर्व में आयोजित तकनीकी सत्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. शैलेश कौशल ने विभिन्न प्रकार के मॉडल जैसे माप मॉडल, रचनात्मक माप मॉडल, संरचनात्मक समीकरण मॉडल आदि पर चर्चा की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. संजय कुमार ने खुशी और मानसिक स्वास्थ्य पर तकनीकी जानकारी साझा की। बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने परीक्षण के निर्माण की प्रक्रिया पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को मात्रात्मक और गुणात्मक शोध के बीच के अंतर के बारे में जानकारी दी।

डॉ. अनुपमा मेहता सह-संगठन सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह का समापन डॉ. अचिंत टैरेंस द्वारा समापन प्रार्थना के साथ हुआ। आयोजन समिति के सदस्य डा. एसएच कासिम, डा. निहारिका डेनिस, डा. कीर्ति कटिंग, डा. सीमा मल्लिक, डा. एविस चिंतामणि, डा. सैयदा सारा अजीज, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. प्रशोभ पॉल डिसूजा, डॉ. ज्योत्सना जायसवाल, डॉ. संगीता अल्फ्रेड, सुश्री पूजा जे. सोनपाकर आदि उपस्थित थे।

## इंडक्शन सेरेमनी में एमबीबीएस छात्रों का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** के रावतपुर स्थित यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूआईएमएस) द्वारा 2022-23 बैच के एमबीबीएस छात्रों के लिए शुक्रवार को इंडक्शन सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में सभी नवप्रवेशी एमबीबीएस छात्रों और उनके माता-पिता का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना और छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अपने स्वागत भाषण में, यूनाइटेड ग्रुप के प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी ने सभी नवप्रेवेशियों और उनके माता पिता का स्वागत किया। उन्होंने यूनाइटेड ग्रुप के बारे में जानकारी दी, और मेडिकल कॉलेज और यूनाइटेड मेडिसिटी अस्पताल के वरिष्ठ संकाय एवं अधिकारियों से परिचय करवाया। कहा कि यूनाइटेड छात्रों को एक सफल मेडिकल प्रैक्टिशनर बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है लेकिन उसके लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस अवसर पर सभी को यूनाइटेड मेडिसिटी का कॉर्पोरेट वीडियो भी दिखाया गयो कुछ माता-पिता ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वो इस बात से बेहद प्रसन्न हैं कि उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। यूआईएमएस के प्रिंसिपल डॉ मंगल सिंह ने संस्थान के विजन के बारें में जानकारी दी और एमबीबीएस छात्रों को कैम्पस में अनुशासन से रहने की शपथ दिलाई। यूनाइटेड मेडिसिटी के चिकित्सा निदेशक डॉ प्रमोद कुमार ने अस्पताल के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और छात्रों को आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के कुछ मूल मंत्र बताऐ कार्यक्रम का समापन यूनाइटेड ग्रुप के वाईस चेयरमेन सतपाल गुलाटी द्वारा धनयवाद ज्ञापित कर हुआ। उन्होंने छात्रों और उनके माता-पिता को यूनाइटेड मेडिकल कॉलेज को चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनाइटेड ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विंकिश गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी वंश गुलाटी, डॉ. ऋषि गुलाटी और राधिका गुलाटी के साथ यूनाइटेड विश्वविद्यालय के प्रो-वीसी प्रो एएम अग्रवाल, प्रिंसिपल, डीन और फैकल्टी सदस्य भी मौजूद थे।

## भटपुरा ग्राम सभा की खुली बैठक अमृत सरोवर सहित कई विकास कार्य हुए प्रस्तावित

**अखंड भारत संदेश**



**लालापुर।** शंकरगढ़ विकास खंड के भटपुरा,लालापुर ग्राम सचिवालय में शनिवार के दिन गांव के विकास के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया । घंटो चली बैठक में ग्राम वासियों के प्रस्ताव पर गांव में एक अमृत सरोवर के निर्माण ,खेल मैदान सहित किसानों की सिंचाई के लिए नाली निर्माण पर चर्चा हुई । ग्रामीणों की ओर से आये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए संस्तुति के लिए शासन को भेज दिया गया है । इस मौके पर ग्राम प्रधान शंकर लाल पांडेय,ग्राम पंचायत अधिकारी गौरीशंकर ,ग्राम सेवक कमलेश,ग्राम पंचायत सहायक सचिन,शशांक पांडेय,गणेश शुक्ल,अरवेंद्र पांडेय, छेदी लाल उपाध्याय, दीपक आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**

653 फिरोजपुर उर्फ शेखपुर, फूलपुर टाउन, प्रयागराज। पिन नंबर 212402

**स्नातक कला संकाय प्रवक्ता विषय हेतु**

**विषय-** संस्कृत- 01 पद

**योग्यता-** संबंधित विषय में एम०ए०, नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अहर्ता के अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करें ।

**वेतनमान-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम वेतन देय होगा । इच्छुक अभ्यर्थी 1 सप्ताह के अंदर महाविद्यालय के उक्त पते पर आवेदन प्रेषित करें ।

Email id - arvindtripathi271@gmail.com

**सिद्धार्थ त्रिपाठी**

**प्रबंधक**

**मो0: 8707046593, 9452145821**

# बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे सांसद, पदाधिकारियो की दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बार एसोसिएशन तहसील सदर का शपथ ग्रहण समारोह में सदर तहसील परिसर में शनिवार को चंद्रेश पांडेय एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद संगम लाल गुप्ता व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र नगरहा मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने एल्डर कमेटी के अध्यक्ष विजय पाल सिंह एडवोकेट की मौजूदगी में बार एसोसिएशन तहसील सदर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह, महामंत्री बृजेंद्र उपाध्याय,वारिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय, रामगोपाल,उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनव मिश्र,शरद मिश्र, कोषाध्यक्ष अभय कुमार ओझा, मंत्री प्रशासन अभिषेक सिंह, संयुक्त मंत्री अभिषेक शर्मा, प्रकाशन मंत्री विशाल, लाइब्रेरियन अरुण उपाध्याय व कार्यकारिणी सदस्य सीपी शुक्ल,फिरोज खान, दिनेश वर्मा, सर्वेश, कमलेश सहित आदि को शपथ दिलाई। इसके उपरांत सांसद संगम लाल गुप्ता ने तहसील बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए बार और बेंच का सामंजस्य जरुरी है। तभी गरीबों व पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का समाज में बहुत बड़ा कद है,उसे बनाए रखने के लिए समाज के अंतिम पायदान तक न्याय दिलाना चाहिए। इस मौके पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने सांसद निधि से तहसील परिसर में वादकारी कक्ष बनवाने की घोषणा की।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने कहा कि गरीब और समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने में अधिवक्ता समाज की अग्रणी भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वादकारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ताओं को हड़ताल पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। क्योंकि जब एक किसान और मजदूर दूर-दराज से अपने मुकदमे की पैरवी के लिए आता है और यहां पर हड़ताल हो जाती है तो उसे मायूस होना पड़ता है। हड़ताल से वादकारी का नुकसान होता है। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक ने संबोधन में कहा कि अधिवक्ताओं को कभी मेरी तरफ से कोई समस्या नहीं होगी,कभी कोई समस्या आती है तो मिल बैठ कर हल कर लिया जाएगा। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र नगरहा ने नवनिर्वाचित कमेटी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ता संघ और न्यायपालिका एक दूसरे के पूरक बनकर काम करते हैं, यदि कभी किसी वजह से कोई गतिरोध उत्पन्न हो जाता है तो उसे आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने हड़ताल के मुद्दे पर कहा कि छोटी मोटी बातों को लेकर हमें हड़ताल नहीं करनी चाहिए,यदि हड़ताल हो तो मुद्दे का हल करवा कर ही समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का जहां हमारा सहयोग है बार काउंसिल उनके कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने से पीछे नहीं हटेगा।शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर वकील परिषद के अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्र निराला,जूनियर बार के महामंत्री संतोष नारायण मिश्र,उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला, हरीश शुक्ल, जूनियर बार के पूर्व अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद मिश्र, पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेश शुक्ल, रवीन्द्र रावत, अभिषेक तिवारी, अशोक पांडेय दीनदयाल, राकेश शुक्ल, मकरंद शुक्ल, सलीमुद्दीन, रजनीकांत मिश्र सहित आदि अधिवक्ता बार के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वारिष्ठ अधिवक्ता अबरार जहानिया ने किया।



निर्वाचित पदाधिकारियो को प्रमाण पत्र देते सांसद संगमलाल।



दुकान पर प्लास्टिक की छानबीन करते अधिकारीगण।

## प्लास्टिक के विरूद्ध चले अभियान में पांच किलो प्लास्टिक बरामद, 2100 रुपए जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली के अधिकारियो एवं नगरपालिका के प्लास्टिक के विरूद्ध चलाये गया संयुक्त अभियान शहर के अम्बेडकर चैराहे से लेकर मीराभवन तक चला जिसमें पांच दुकानदार को पांच किलो प्लास्टिक व थमाकौल का इस्तेमाल करते पकड़ा गया और उनके विरूद्ध इक्कीस सौ रूपए का जुमार्ना अधिकारियो ने वसूला। बता दे कि प्लास्टिक के विरूद्ध नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषासी अधिकारी मुदित सिंह ने कई बार अभियान चलाकर ऐसे लोगो को चिन्हित किया है। शासन द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के बाद ऐसे अभियानो से प्लास्टिक उपयोग में कुछ कमी भले आयी हो लेकिन ज्यादातर दुकानो पर

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली व नगर पालिका का चला शहर में संयुक्त अभियान

अभी भी प्लास्टिक के थैले व गिलास उपयोग में लाये जा रहे है। ऐसे में यह अभियान जब तक पूरे शहर में नही चलेगा तब तक प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगाना मुष्किल दिखाई देता है। आज के इस अभियान में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राजेष गौतम (प्रयोगषाला सहायक) मो. असलम सिद्दीकी वैज्ञानिक सहायक व भरत कुमार जे.एल.ए. तथा नगर पालिका के सफाई निरीक्षक एस.के. सिंह, आर.आई. लाल बहादुर सिंह तथा स्वच्छ भारत मिषन के वरूण कुमार सिंह सहित अनेक नगर पालिका कर्मचारी शामिल रहे।

## जनकपुर में सम्मानित हुए कवि का क्षेत्र में हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** बुधवार को जनकपुर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आयोजित साहित्य संवर्धन यात्रा एवं कवि सम्मेलन में सम्मानित होकर लौटे कवि हरि बहादुर सिंह हर्ष का शनिवार को क्षेत्र के लोगो ने फूल-मालाओ से स्वागत किया। 23 नवंबर को जनकपुर नेपाल में हुए कार्यक्रम व इससे पूर्व 21 नवंबर को विहार के सीतामढ़ी में हुए कवि सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट संचालन व कविता पर संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के संरक्षक श्रीधर पराडकर जी एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद बिहार इकाई की सचिव डॉ मीनाक्षी मीनल ने हर्ष की प्रस्तुतियों की सराहना की।हर्ष की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगो ने प्रसन्नता व्यक्ति की।



कवि को सम्मानित करते लोग।

## कमिश्नर द्वारा गोद लिए गांव मे नही है शमशान घाट जाने का रास्ता

### जहां गांधी जी ने जलायी विदेशी वस्त्रो की होलियां वह कालाकांकर आज है विकास से अछूता

अखंड भारत संदेश

**परियावां।** स्वच्छ भारत मिशन की हकीकत काला कांकर के शमशान घाट जाने वाले रास्ते मे देखने को मिल रही है।

मालूम हो कि विकास क्षेत्र काला काकर की ग्राम पंचायत मोहमदाबाद उपरहार, काला कांकर,, को विगत कई वर्षों पूर्व में तत्कालीन कमिश्नर राजन शुक्ला ने वर्ष 2017 -18 में उक्त गांव को गोद लेकर समग्र विकास का दावा किया था किंतु गोद लेने के बाद भी बस अड्डे के समीप से श्मशान घाट तक सो ले जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बन पाया जिससे लोगों को उबड खाबड़ रास्तों व पगडंडी तथा शरपत के बीच होकर गंगा किनारे बड़ी मुश्किल से पहुंचना होता है और यदि गंगा घाट के किनारे श्मशान घाट पर पहुंच भी गए तो वहां जाने वाले लोगों पीने के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे पीने के लिए पानी को लोग तरस जाते हैं बता दें कि इस श्मशान घाट के आसपास ना तो कोई पानी पीने की व्यवस्था है ना कोई छाया की व्यवस्था है जहां अंतिम संस्कार के लिए साथ में जाने वाले लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था हो कहने को तो काला काकर ब्लॉक का मुख्यालय का यह गांव है और यहां गंगा स्नान एवं अंतिम संस्कार हेतु दूरदराज से लोग आते हैं लेकिन इस ओर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित आला अधिकारियों का अन्य किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया की श्मशान घाट पर आने वाले लोगों को पीने के लिए पानी और बैठने के लिए छाया की व्यवस्था हो। यहां तक की ग्राम पंचायत भी इस घाट के लिए आने जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं किया इस संदर्भ में ग्राम प्रधान मनीष कुमार सिंह का कहना है कि लोगों का खेत उधर पड़ता है जिससे लोगों को ऐतराज होता है।

एक आध बार मैंने ग्राम पंचायत की ओर से उक्त मार्ग पर मिट्टी भी डलवाई किंतु बलुआही मिट्टी होने के चलते बारिश के दौरान बह जाती है रास्ता ज्यों का त्यों बना रहता है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि उक्त गांव को कमिश्नर ने खुद गोद लेकर गांव के समग्र विकास करने का दावा किया था किंतु दावा सिर्फ कागजों पर ही दिख रहा है और गांव की हाल जस के तस बनी हुई है।

ग्राम प्रधान मनीष कुमार सिंह ने कहा कि कमिश्नर के गोद लेने के बाद मुख्य सड़क पर बस अड्डे के समीप से सड़क के बगल इंटरलॉकिंग तथा आंगनबाड़ी केंद्र को सौर ऊर्जा पैनल दो पंखे इस गांव को मिले हैं प्रधान का कहना की काला काकर को पर्यटक स्थल बनाया जाए।

बता दे कि कालाकांकर में सुमित्रानंदन पंत में दस वर्ष कुटिया में बिताकर अपनी काव्य रचनाएं की थी आज वह कालाकांकर इस तरह बदहाल है उसे देखकर दुख होता है।



ग्राम प्रधान मनीष सिंह।

## बरीबोझ में बही श्री भागवत भगवान की अमृत धारा

### श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे राज्य सभा सदस्य

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बरीबोझ गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री भागवत भगवान की बह रही अमृतधारा का भक्तगण आनंद ले रहे है।क्षेत्र में चल रही सात दिवसीय कथा का रसपान करने के लिए दूर-दराज के श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो रही है है।

कथा सुनाते हुए वेद व्यास आचार्य योगेश जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसको सुनने के लिया ईश्वर भी लालायित रहते है। कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य अपने

#### संयोजक ने अंगवस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित

पापों से मुक्ति पा लेता है। वही कथा का श्रवण करने राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी पहुँच कर भागवत भगवान के साथ वेद व्यास का आशीर्वाद लिया। इस दौरान संयोजक धर्मेन्द्र तिवारी ने उन्हे अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।मुख्य जजमान जगत पाल तिवारी व शिवकली देवी ने कथा के श्रवण के बाद श्रीमद भागवत भगवान की आरती करने के बाद कथा व्यास का आशीर्वाद लेकर आए हुए कथा में श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर आचार्य चक्रधर जी,रामचंद्र तिवारी,वीरेंद्र तिवारी,दीपेंद्र तिवारी, मुन्ना सिंह,शिवकरन चतुर्वेदी,रमेश चैबे,नीलम तिवारी,मीना तिवारी, रेनू तिवारी,आरती तिवारी,ऋषभ तिवारी, रामा ओझा,केशव दत्त पाण्डेय,सुनील तिवारी, रमेश चैबे समेत सैकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लेकर कथा रूपी बहती अमृतधारा का रसपान कर पुण्य लाभ लिया।

### मेले से युवती व किशोरी हुई गायब, पिता ने दी तहरीर

**पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी के मेले में गई दो बहने घर नहीं लौटी जिस पर पिता ने पट्टी कोतवाली में दोनों की गुमशुदगी की तहरीर दी है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गोगलापुर गांव के रहने वाले मोहम्मद कासिम पुत्र इनायतुल्लाह ने बताया कि शुक्रवार को उनकी दो बेटियां परवीन बानो 18 तथा तमन्ना 16 पट्टी का मेला देखने के लिए गई थी। दोनों शाम तक घर वापस नहीं लौटी। उनके साथ गई चांद बानो ने बताया कि दोनों बहने मेले में कहीं गायब हो गई काफी खोजबीन करने के बाद जब दोनों को कुछ नहीं पता चला तो पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर दोनों की गुमशुदगी की तहरीर दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पटना की लड़किया ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला हाकी मैच जीता

### जीआईसी ग्राउण्ड पर चल रहा दो दिवसीय मैत्री हाकी श्रृंखला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ग्रासरूट हॉकी प्रमोशन एन्ड डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अंतर्गत अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ के जी आई सी ग्राउंड पर दो दिवसीय मैत्री हॉकी श्रृंखला का आयोजन हो रहा है जिसमे भीलवाड़ा एकेडमी राजस्थान, आर के रॉय हॉकी एकेडमी पटना, पडिला हॉकी एकेडमी प्रयागराज, सुल्तानपुर हॉकी अकेडमी एवम अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ की टीमो के बीच मे खेला जा रहा है इस प्रतियोगिता में हर आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों ने प्रतिभाग किया पहले दिन में हुए मैचों में सभी टीमो ने ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया । आर के राय पटना की लड़कियों में बेहतरीन प्रदर्शन करते अपना पहला मैच जीता। अनवर हॉकी सोसाइटी के लड़कों ने भीलवाड़ा हॉकी टीम के साथ बराबरी का मुकाबला करते हुए 1-1 ड्रा खेला। सुल्तानपुर हॉकी अकेडमी और पडिला हॉकी अकेडमी के बीच हुए मुकाबले में दोनो टीमो ने ड्रा खेल कर मैच समाप्त किया। इस अवसर पर अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर खान ने प्रतियोगिता में आये हुए सभी अतिथियों के स्वागत किया।



जीआईसी ग्राउण्ड पर हाकी मैच खेलती लड़कियां।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष कार्यकर्ताओ को दिलाया संविधान की शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज शनिवार को 73 वां संविधान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा भवन प्रतापगढ़ में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया स बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ.लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि इतिहास में 26 नवंबर की तारीख देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है 26 नवंबर 1949 को भारत में संविधान को अंगीकार किया गया था इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है भारत 26 नवंबर 2022 को अपना 73 वा संविधान दिवस मना रहा है आज से 73 साल पहले सरकार ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नीरज त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर को भारत का संविधान निमार्ता कहा जाता है वह संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष थे और उन्हें संविधान का फाइनल ड्राफ्ट तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे संचालक नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है भारतीय संविधान में कई महत्वपूर्ण बातें शामिल है जिसमें मुख्य रुप से भारत के संविधान के तहत मौलिक अधिकार प्रदान किया गया स न्यायपालिका की स्वतंत्रता,यात्रा, रहने, भाषण,धर्म,शिक्षा आदि की स्वतंत्रता, एकल राष्ट्रीयता,समान नागरिक संहिता और आधिकारिक भाषाएं, भारतीय संविधान अधिनियम में आने के बाद भारत में महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि भारत के संविधान में वर्तमान में आज भी केवल 395 अनुच्छेद ही है केवल इन अनुच्छेदों का विस्तार ही किया गया है। बैठक में मुख्य रुप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा, पी.सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला,जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आशुतोष तिवारी, फतेह बहादुर सिंह,कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी,राम धन यादव, मोनू मिश्रा, देवमणि पाण्डेय, अजीत सिंह, दिलशाद, श्याम शंकर तिवारी, प्रमोद मिश्रा, मनीष सिंह सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया संविधान दिवस



कार्यकर्ताओ को शपथ दिलाते जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी।

## राजकीय बालिका इण्टर कालेज में मनाया गया संविधान दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हमारा संविधान हमारा सच्चा मार्गदर्शक और हम इसे कभी छोड़ नहीं सकते। कुछ इसी जोश और जज्बे के साथ आज दिनांक 26 नवंबर 2022 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में संविधान दिवस 2022 हर्षोल्लास के साथ श्रीमती गीता उप प्रधानाचार्य के नेतृत्व में मनाया गया तथा इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया साथ ही साथ छात्राओं को शपथ नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अनीस द्वारा भी दिलाई गई कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने बताया आज का दिन पूरे देश में संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा। प्रमुख वक्ताओं में रहे प्रीति श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, ममता सिंह, प्रतिमा मिश्रा, सरिता, उमरा प्रिया मौर्य आदि।

## समाधान दिवस में ग्यारह मे से दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली में हुए समाधान दिवस के तहत ग्यारह शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से दो शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया गया। ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुडी दिखी। कोतवाली के भवराम बोझी गांव निवासी अंबिका प्रसाद तिवारी ने शिकायत दर्ज करायी कि विपक्षी उनकी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे है। वहीं करनराय निवासी हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि विपक्षी उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद राजस्वकर्मी मौके पर नही जा रहे हैं। दोनों शिकायतों पर प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया। समाधान दिवस का संचालन एसएसआई जावेद अहमद ने किया।

## कोर्ट ने सुनाई तीन साल की कैद व पांच हजार अर्थदण्ड की सजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** सिविल न्यायालय द्वारा फौजदारी के मुकदमें में अभियुक्त को तीन साल के कारावास की सजा तथा पांच हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया गया है। स्थानीय सिविल न्यायालय में उत्तर प्रदेश राज्य बनाम कमलेश सिंह उर्फ लल्लू सिंह पुत्र दुर्योधन सिंह निवासी बलीपुर बोदवा थाना उदयपुर को मारपीट के मामले में सजा सुनाई गयी है। सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने आरोपी के खिलाफ पीडित को घर मे घुसकर मारने पीटने तथा धारदार हथियार से चोट पहुंचाने एवं गालीगलौज को लेकर शुक्रवार को यह सजा सुनाई गयी। आरोपी के खिलाफ मारपीट का यह मुकदमा उन्नींस सौ पचासी में घटित घटना को लेकर उदयपुर थाने मे दर्ज हुआ था। सैतीस साल पुराने मुकदमे मे तीन वर्ष के कारावास तथा पांच हजार का अर्थदण्ड की सजा घोषित होते ही कोर्ट परिसर में सनसनी फैल गयी। मुकदमें की पैरवी कोर्ट मे तैनात सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गयी।

### दुर्घटना मे घायल व्यापारी की मौत, कोहराम

**लालगंज प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे अज्ञात कार की टक्कर से घायल व्यापारी की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गयी। मौत की सूचना व्यापारी के घर पहुंची तो कोहराम मच गया। नगर के संगम चैराहे पर शुक्रवार की रात सलेम भदारी निवासी रामलाल जायसवाल का पुत्र पूर्णमासी जायसवाल 65 साइकिल से नेशनल हाइवे पार कर रहा था। इस बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल पूर्णमासी को गंभीर दशा मे ट्रामा सेंटर से प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उसे हेडेन्जरी के चलते प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर किया गया।

# न्यायपालिका में मौलिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए कार्यों का किया जाय सम्पादन-प्रभारी जिला जज

## संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर जनपद न्यायालय में संविधान की प्रस्तावना का किया गया वाचन

### संविधान का महत्व, न्याय पालिका में मौलिक कर्तव्यों का महत्व एवं मौलिक अधिकारों की दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार की अध्यक्षता में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संविधान की प्रस्तावना के वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला जज राकेश कुमार ने कहा कि न्यायपालिका में मौलिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य का सम्पादन किया जाय, जिससे आमजनता के मौलिक अधिकारों का हनन न हो। अपर जिला जज संजय मिश्र द्वारा संविधान एवं संविधान की बनावट व संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अपर जिला जज नीरज उपाध्याय द्वारा न्यायपालिका में मौलिक कर्तव्यों के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई।



संविधान दिवस पर न्यायालय में कार्यक्रम आयोजित।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती आभा पाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संविधान के विषय में एवं संविधान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी प्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित कुमार द्वारा मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया गया तथा सिविल जज जू0डि0 अभिषेक गुप्ता द्वारा मौलिक कर्तव्यों और मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं द्वारा मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर जनपद न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस विभाग में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

**कौशाम्बी।** भारत के संविधान के प्रस्तावना का पाठन व मौलिक कर्तव्यों से संबंधित शपथ समारोह सुबह 11:00 बजे पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक और पुलिस कार्यालय प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शपथ ग्रहण करायी गयी समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल मुख्यालय में शपथ ग्रहण करायी गयी एवं समस्त थाना चौकियों फायर स्टेशन आदि में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष एवं अग्निशमन अधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण करायी गयी। पुलिस लाइन में नियुक्त सभी अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा पुलिस लाइन में तथा विभिन्न शाखाओं में नियुक्त सभी अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लिया गया।

# फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज कर अधीक्षक को दिया जा रहा है वेतन

## कर्मचारी के सहारे राजकीय पौधशाला छोड़कर अधीक्षक हुए फरार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण की योजनाओं का लाभ किसानों को देने के उद्देश्य से सरकार ने बालीपुर टाटा में राजकीय पौधशाला की शुरूआत कराई थी इस पौधशाला में अधीक्षक समेत कई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन यह पौधशाला अनाथ हो गया है विभाग के अधिकारी इसकी अव्यवस्था को देखने के लिए कतई तैयार नहीं है जिसके चलते दो कर्मचारियों के सहारे राजकीय पौधशाला का पूरा कार्यभार संचालित हो रहा है अधीक्षक के फरार रहने के चलते पूरी नर्सरी चौपट है पौधे सूख रहे हैं नर्सरी में कूड़ा करकट का ढेर लगा हुआ है साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है अभिलेखों में भले ही इस नर्सरी में लाखों पौधे तैयार किए जाते हैं लेकिन हकीकत यह है कि इस नर्सरी में हजारों पौधे भी नहीं तैयार हो पा रहे हैं नर्सरी के अधीक्षक कई कई महीने बीत जाने के बाद पौधशाला नहीं पहुंचते हैं फिर भी फर्जी तरीके से उनकी उपस्थिति दर्ज कर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा प्रत्येक महीने उनको वेतन किया जा रहा है जो उद्यान विभाग की भ्रष्टाचार व्यवस्था पर करारा तमाचा है।

मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि उद्यान विभाग के राजकीय पौधशाला का नलकूप खराब है ग्रामीणों की मानें तो नलकूप मरम्मत के नाम पर भी लाखों रुपए का बजट अधीक्षक निकाल रहे हैं फिर भी नलकूप खराब है चचाओं पर जाएं तो जानबूझ कर नलकूप को खराब दिया गया है जिससे पौधे सूखने के बाद उनके बचाव के लिए यह कहने का मौका है कि नलकूप खराब है जिससे सिंचाई नहीं हो पाती जबकि यह बात सच्चाई से काफी दूर है अधीक्षक और कर्मचारियों की अनुपस्थिति के चलते नर्सरी अनाथ हो चुकी है।

# डीएपी समस्या को लेकर जिला सहकारिता विभाग का घेराव कर तालाबंदी की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** साधन सहकारी समितियों से किसानो को डी ए पी खाद नही मिलने से नाराज सकिपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को जिला सहकारिता निबंधक कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी की। साथ ही जल्द किसानों को समितियों से डी ए पी खाद नही मिलने पर सहकारिता कार्यालय की तालाबंदी करने की चेतावनी दी।

समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने किसान नेता अजय सोनी की अगुवाई में विकास भवन स्थित सहकारिता कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद रहे जिला सहकारिता विभाग के अधिकारी बिनोद सिंह को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सभी समितियों से तत्काल किसानों को डी ए पी खाद दिलाने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में डी ए पी खाद वितरित करने एवं एडवांस में समितियों में



विकास भवन का घेराव करते किसान समर्थ पार्टी नेता।

डी ए पी खाद उपलब्ध कराने जैसी मांगे शामिल थीं। साथ ही जल्द समितियों से किसानो को डी ए पी खाद नही मिलने पर विभाग कार्यालय के तालाबंदी की चेतावनी दी। ज्ञापन स्वीकार करते हुए ए आर को अपेरेटिव बिनोद सिंह ने कार्यकताओं को बताया कि जल्द ही समितियों से किसानो को डी ए पी खाद उपलब्ध करवाई जायेगी।

इसके पूर्व समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता विकास भवन मंझनपुर स्थित सहकारिता कार्यालय के पास इकठ्ठा हुए। इस दौरान डी ए पी खाद की समस्या को लेकर सभी ने आक्रोश जाहिर किया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए किसान नेता अजय सोनी ने कहा कि सहकारिता विभाग की लापरवाही के चलते किसानों को डी ए पी खाद समितियों से नही मिल रही है और किसान परेशान है।

आगे कहा कि रबी की बुवाई पिछड़ रही है और समितियों में डी ए पी खाद नही है। जिससे किसानो को ब्लैक में ओवर रेट पर बाजार से डी ए पी खाद खरीदनी पड़ रही है और जिम्मेदार लोग चुप हैं। डी ए पी खाद की समस्या को लेकर समर्थ किसान पार्टी लगातार किसानो के हित के संघर्ष कर रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और सरकार किसानो की अनदेखी कर रही है। अजय सोनी ने चेताया कि समितियों से किसानों को डी ए पी खाद जल्द ही नही वितरित की गई तो समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ता विभाग की तालाबंदी करने को विवश होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय लाल चौधरी, पृथ्वीपाल सिंह पटेल, वीरेंद्र तिवारी, अरविंद मौर्य, कृष्णा यादव, फूलचंद्र लोधी, विकास कसेरा, सुरजीत वर्मा, जयसिंह पटेल, राजू सोनकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त भैरव प्रसाद पुत्र इन्द्रपाल निवासी रामपुर थाना चरवा को ससुर खदेरी नदी पुल बहद ग्राम रामपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# समाधान दिवस को कोखराज पहुंचे डीएम एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम एसपी कोखराज थाने पहुंचे हैं और उन्होंने वहां उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना और अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के भीतर शिकायतों को निस्तारित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की उदासीनता वर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक ब्रजेश श्रीवास्तव ने कोखराज थाना में फरियादियों की समस्याओं को सुना व



समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनते डीएम एसपी।

निस्तारण करने के लिए हल्का लेखपाल व राजस्व विभाग के कर्मचारियों को आदेश दिया मौके पर एसओ कोखराज तेज बहादुर सिंह चन्देल, कानूनगो दिलीप कुमार दुबे, कानून गो अनिल कुमार अग्रहरि, लेखपाल अमन सिंह, पवन कुमार राय, रितेंद्र सिंह, साधना सिंह, लोकनाथ पांडेय, सुमित कुमार, आदि लोग उपस्थिति रहे।

# अधिकारियों/कर्मचारियों को डीएम ने दिलाई संविधान प्रस्तावना की शपथ

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों को ह्लसंविधान प्रस्तावनाह्व की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आरक्षण नहीं हुआ जारी मतदाताओं को रिझाने लगे संभावित दावेदार

## नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद के लालची एक एजेंसी मालिक वोटरों को दे रहे 5 किलो आलू और बुक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना नहीं जारी हुई है अभी नगर पंचायत सीट पर आरक्षण की सूची नहीं जारी हुई है लेकिन संभावित दावेदारों ने अपनी तिजोरी खोल दी है अब मतदाताओं को रिझाने का काम तेजी से शुरू हो गया है आरक्षण की सूची जारी होने के बाद निर्वाचन आयोग उन्हें चुनाव लड़ने का मौका देगी या फिर उनका पत्ता साफ हो जाएगा लेकिन अभी से वह आपने को नगर पंचायत चरवा का अध्यक्ष मान कर बैठ गए हैं और मतदाताओं को रिझाना शुरू कर दिया है संभावित प्रत्याशियों के इस कारनामे पर मतदाताओं ने ठान लिया है कि उनसे मिलने वाले सामानों को ले लिया जाए मतदान समय आने पर अपने मनमर्जी के प्रत्याशी को किया जाएगा ।

काली कमाई से एकत्रित धन के चलते धनपशु बन चुके लोगों ने नगर निकाय चुनाव में सम्भावित प्रत्याशियों ने तरह-तरह हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए हैं नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद के एक संभावित दावेदार के भाई एक एजेंसी के मालिक हैं और इन दिनों एजेंसी मालिक ने अपने भाई की मतदाताओं के बीच पैठ बनाने के लिए एजेंसी के माध्यम से एजेंसी मालिक ने नगर पंचायत के निवासियों को को 5 किलो आलू और साथ में एक हिंदी बाल पोथी बुक देकर लोगों के वोट की कीमत वसूलने का मंसूबा बना कर रक्खे हैं एजेंसी मालिक की सोच में गरीब असहाय लोगो के वोटो की कीमत 5 किलो आलू और एक हिंदी बाल पोथी में ही सिमटा दिया है। नगर पंचायत चरवा के बगल के गांव के लोग भी उक्त एजेंसी पहुंचे तो उनको 5 किलो आलू और एक हिंदी बाल पोथी नहीं मिला तो लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए अध्यक्ष पद के संभावित दावेदार को सबक सिखाने की ठान ली है उनकी एजेंसी के विरोध में भी बयानबाजी शुरू कर दी है और मतदान के समय उनके विपक्ष के प्रत्याशियों को मतदान कर उन्हें उन्हें करारा जवाब देने की रणनीति बनाना शुरू कर दिया है इस एजेंसी मालिक पर काली कमाई से धन एकत्रित करने का आरोप है और यह नगर पंचायत चरवा की जनता है सब कुछ जानती है।

# अखबारों के नाम पर पैसा वसूलने वाले भाजपा नेता कौन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकारों को विज्ञापन देने के नाम पर पार्टी नेताओं से पैसे की वसूली का भी खेल भी बेखौफ शुरू हो गया है इन दिनों एक भाजपा नेता का नाम सुर्खियों में है जो अखबारों में पार्टी नेताओं का विज्ञापन छपवाने के नाम पर रकम वसूलने में लगी है समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करवाने के नाम पर नेता जी पार्टी नेताओं से मोटी रकम वसूल रही है लेकिन अखबार कार्यालय तक पार्टी और उनके नेताओ का विज्ञापन नहीं पहुंच रहा है नेताओं से पैसा वसूली के इस मामले में लगे भाजपा नेता के कारनामे से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है पार्टी के बड़े पद पर आसीन बताए जाते हैं बातचीत के दौरान एक नेता ने बताया कि पार्टी की इस नेता ने पहले 5000 फिर 10000 उसके बाद 20000 रुपए अखबार में विज्ञापन देने के नाम पर उनसे ले चुकी हैं ऐसे तमाम नेताओं से रकम वसूली का यह खेल बेखौफ चल रहा है।

# सैकड़ों पशुओ की मौत के जिम्मेदार जेई और ठेकेदार की नहीं हुई गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के द्वारा कांशी राम कॉलोनी पाता के पास चाहरदीवारी का निर्माण कराया गया था मानक विहीन घटिया निर्माण के चलते हल्की बारिश में यह चाहरदीवारी गिर गई जिससे सैकड़ों भेड़ बकरियां दीवाल के मलबे के नीचे दब है नगरपालिका की गिरी दीवार में दब जाने से भेड़ बकरियों की मौत हो गई भेड़ बकरी मालिक को आपदा राहत से जिला अधिकारी ने सहायता राशि दे दी जिससे उनके नुकसान की भरपाई हो गई घटिया निर्माण कराए जाने के आरोप और पशुओं की मौत पर आनन-फानन में डीएम के निर्देश पर आरोपी ठेकेदार और नगरपालिका के अवर अभियंता के विरुद्ध मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया महीनों बीत जाने के बाद भी दोषी अवर अभियंता और ठेकेदार को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी जबकि आरोपी ठेकेदार और अवर अभियंता मंझनपुर में खुलेआम दिखाई पड़ते हैं सूत्रों की माने तो ठेकेदार को बचाने के लिए नेताओं ने ठेका ले लिया है जिससे कोतवाली पुलिस पशु की मौत के जिम्मेदार ठेकेदार और अवर अभियंता मंझनपुर को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है लोगों ने पशुओं की मौत के जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# लोगों को झांसा देकर ठगने वाले नगर पंचायत चरवा के बने संभावित दावेदार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नगर निकाय चुनाव की अभी घोषणा नहीं हुई है आरक्षण की सूची भी नहीं जारी हुई है लेकिन नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों ने चुनावी मैदान में ताल ठोक दिया है खुलेआम बैनर पोस्टर लगा कर मतदाताओं को रिझाना शुरू कर दिया है।

पूरे नगर क्षेत्र में जगह-जगह पर बैनर पोस्टर लगाए गए हैं तमाम ऐसे दावेदार हैं जिनके चेहरे पर बदनुमा काला दाग चमक रहा है बेईमानी मक्कारी उनके अंदर कूट-कूट कर भरी है उनके क्रियाकलापों को जनता बखूबी जानती है लेकिन उसके बाद भी बेईमानी मक्कारी करने वाले लोगों ने नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद की दावेदारी ठोक दी है हमेशा लोगों को झांसा देकर ठगी मक्कारी करने वाले लोगों की भी नियत नगर पंचायत के विकास के आड़ में अपनी तिजोरी भरने की दिखाई पड़ रही है। जिन लोगों ने हमेशा मक्कारी बेईमानी करके आम जनमानस का शोषण किया है उनसे जनता कैसे उम्मीद लगाए कि नगर पंचायत के चुनाव के बाद नगर का विकास निष्पक्ष तरीके से होगा मन मस्तिष्क से चोरी बेईमानी करने की नियत रखने वाले लोगों को नगर क्षेत्र की जनता कैसे नगर पंचायत की कमान सौंप दे यदि ऐसे लोगों को जनता ने भूल से भी नगर पंचायत की कमान सौंप दी तो उनसे कैसे उम्मीद लगाई जाए कि ईमानदारी से नगर पंचायत चरवा का विकास होगा। सड़क दिवालों बिजली के खंभों और गली गली में बैनर पोस्टर लगने के बाद आम जनता के बीच इस तरह के प्रत्याशियों की चचाएं तेज हो गई हैं लेकिन हमेशा से मक्कारी बेईमानी करने के अभ्यस्त हो चुके इन सम्भावित प्रत्याशियों को तनिक भी अपने कारनामों पर शर्म नहीं महसूस हो रही है बेशर्म लोगों को नगर पंचायत चुनाव में जनता ने सबक सिखाने की ठान रखी है यह तो वक्त बताएगा कि नगर पंचायत चुनाव के बाद किसके सिर पर ताज सजेगा।

# पब्लिक स्कूल में हुआ शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी और विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 26 नवम्बर को आयु 09 वर्ष जिला शतरंज चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ मेडिकल सर्जन डॉ मुक्तेश्वर द्विवेदी ने खेल का शुभारंभ किया यह प्रतियोगिता पांच चक्रो में की गई जिनके परिणाम में बालक वर्ग प्रथम स्थान शुधान्शु यादव विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल को द्वितीय स्थान वीर यादव विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल को तीसरा स्थान अविक यादव विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल को चौथा स्थान अथर्व हसन को और पांचवां स्थान वैभव को मिला छठा स्थान कृष्णा साहु को सातवा स्थान पुष्पेन्द्र कुमार को आठवां स्थान मसूद रजा को मिला।





शतरंज खेल में शामिल छात्र।

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्रकृति सिंह विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल स्कूल को द्वितीय स्थान अन्नया कुशवाहा विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल स्कूल को तीसरा स्थान स्वेता यादव विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल को चौथा स्थान साक्षी कुशवाहा को मिला सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 60 बच्चों ने भाग लिया जिसमें 36 बालक 24 बालिका और प्रथम दो खिलाड़ी बालक विष्णु भगवान के शुधान्शु यादव और वीर यादव और बालिका विष्णु भगवान की प्रकृति सिंह और अन्नया कुशवाहा का चयन व-9 राज्य स्तारीय शतंरज प्रतियोगिता के लिए किया गया इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधालय के प्रधानाचार्य के द्वारा खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया गया जिला सचिव राघवेन्द्र शुक्ल प्रतियोगिता के निर्णायक आभास त्रिपाठी विद्यालय के रविंद्र उपाध्याय नकुल तिवारी, फातिमा उस्मानी, राकेश मालवीय आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रत्येक वार्ड भाजपा की जीत संगठन का लक्ष्य- अनीता त्रिपाठी

## एमएलसी निर्मला पासवान ने कहा कि योगी जी की सरकार में हुआ है सबका विकास

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड सावित्रीबाई फूले नगर में हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में निकाय चुनावों की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं इसी क्रम में शुक्रवार को नगरपालिका के सावित्रीबाई फुले नगर में संगठन की एक बैठक आहूत की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी निर्मला पासवान मौजूद रही जबकि अध्यक्षता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर पालिका के संयोजक दिनेश कुमार पांडे और मंडल अध्यक्ष महेश लोधी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम नगर निकाय के प्रत्येक वार्ड में जीत दर्ज करें जिससे आगामी समय में हमारे नगर पालिका परिषद में होने वाले अध्यक्ष को विकास की मुख्यधारा बनाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर एमएलसी व प्रभारी निर्मला पासवान ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में समाज के हर वर्ग का विकास हुआ है। प्रदेश में ईमानदार शासन से जनता को भय एवं अराजकता से मुक्ति मिली है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि केंद्र और राज्य के बाद अब नगर पालिका में भी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जी दिलाएं जिससे सरकार के द्वारा चलाई जा योजना सीधे जनता तक पहुंच सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से वार्ड के पालक दुर्गेश गुप्ता, वेद प्रकाश पाण्डेय, पप्पू चौधरी, अंशुल केसरवानी, नरेश केशरवनी, अशोक चौधरी, सत्यम, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करती भाजपा जिला अध्यक्ष।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुई कार्यशाला

## सीएमओ ने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी हैं जो धीरे धीरे इन्सान को खत्म करती हैं

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला की। यह आयोजन राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ।तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन शिक्षा विभाग के साथ किया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुष्पेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर डॉक्टर कृष्ण देव सिंह नोडल अधिकारी जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ भी उपस्थित रहे कार्यशाला मे खंड विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्या उपस्थित रहे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने कार्यशाला मे आए हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को बताया गया कि कोटपा अधिनियम 2003 को कैसे अनुपालन किया जाए जिससे कौशांबी जिला तंबाकू मुक्त घोषित

### शैक्षिक संस्थानों के आस पास तम्बाकू उत्पाद की बिक्री निषेध

हो सके उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि नशा एक ऐसी बीमारी हैं जो धीरे धीरे इन्सान को खत्म करती हैं वह धन हानि के साथ साथ स्वास्थ्य पर बुरा असर करता हैं जो धीरे धीरे गंभीर रोग जैसे कैंसर में परिवर्तित हो जीवन को खतम करता हैं। डा. कृष्ण देव सिंह नोडल अधिकारी, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ने तम्बाकू के दुष्प्रभावो की जानकारी दी और उससे होने बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि हमारा युवा इसकी गिरफ्त में लगातार होता चला जा रहा है युवाओं के मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होता जा रहा है इसको रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा जिसमें शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पुनीत श्रीवास्तव रीजनल कोआर्डिनेटर, उ.प्र वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 की विस्तृत जानकारी

### तंबाकू दिवस बैठक में संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी

दी। उन्होंने बताया कि कोटपा अधिनियम की धारा 4 में जिले के सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए साइनेज लगाना अनिवार्य है। इसी प्रकार धारा 6 बी के तहत शैक्षिक संस्थानों के प्रवेश द्वार पर भी तम्बाकू मुक्त का साइनेज लगाना अनिवार्य है। साथ ही स्कूल के 100 गज के अन्दर तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार धारा 6ए में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू बेचना या उसके द्वारा तंबाकू बेचना दोनों ही अपराध माना जाता है। इस अपराध में 200 रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। धारा 7 के अंतर्गत बिना वैधानिक चेतावनी के तम्बाकू उत्पात नहीं बेचा जा सकता है। उन्होंने धारा 5 और 7 के बारे में भी पूरी जानकारी दी कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्यवक विष्णु गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम सहायक वैभव कुमार सिंह द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य तथा लक्ष्यों के बारे में उदाहरणार्थ जागरूकता कानून का परिपालन तथा निगरानी पर विशेष चर्चा की गयी।

संपादकीय

# निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति पर अहम विमर्श

केरल, कश्मीर में मिलती है सबसे ज्यादा मजदूरी : मध्य प्रदेश, गुजरात में सबसे कमआखिर किन मुद्दों पर लड़ा जा रहा है चुनाव?

देश में चुनावों की गहमागहमी लगातार बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश के चुनाव खत्म हुए ही हैं कि अब गुजरात की बारी आ चुकी है। इधर दिल्ली में एमसीडी चुनाव की तैयारी भी चल रही है। इसके बाद मुंबई और महाराष्ट्र के कुछ और शहरों में नगरीय निकाय चुनाव होंगे। इनके खत्म होते न होते कर्नाटक की बारी आ जाएगी और उसके बाद अगले साल मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ चुनाव की कतार में लग जाएंगे। कहने का अर्थ ये कि देश में लगातार कहीं न कहीं चुनाव की प्रक्रिया चलती ही रहती है। लोकतंत्र की जीवंतता तो इसमें नजर आती है, लेकिन ये सवाल भी अब बड़े पैमाने पर उठने लगा है कि क्या चुनाव वाकई इतने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रहे हैं, जिसका दावा किया जाता है।

निर्वाचन आयोग अपने फैसलों और कई बार समय पर न लिए जाने वाले फैसलों के लिए सवालों के घेरे में लगातार आ रहा है। अभी विधानसभा चुनावों के ऐलान के वक्त भी आयोग पर उंगलियां उठी थीं कि हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ ही गुजरात चुनावों का ऐलान क्यों नहीं हुआ, क्यों दोनों राज्यों में चुनाव की तारीखों में लगभग महीने भर का अंतर होने के बावजूद मतगणना की तारीख एक रखी गई। कभी आयोग पर इस बात के आरोप लगते हैं कि वह सत्ताधारियों की मर्जी और मंजूरी के हिसाब से चुनाव की तारीखें घोषित करता है, कभी इस बात पर उंगली उठती है कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सत्ता में बैठे लोगों पर सख्ती नहीं बरती जाती।

निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर उठते इन सवालों के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त और उनके साथ दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अहम टिप्पणी की है। इन पदों पर अपनी पसंद के सेवारत नौकरशाहों को नियुक्तकरने की केंद्र की वर्तमान प्रणाली पर सवाल उठाते हुए अदालत ने कहा कि किसी श्रेष्ठ गैर-राजनीतिक सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति, जो प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र निर्णय ले सके, को नियुक्त करने के लिए एक 'निष्पक्ष और पारदर्शी तंत्र' अपनाया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयुक्तों की वर्तमान नियुक्ति प्रक्रिया की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए सर्वोच्च अदालत में याचिका लगाई गई थी कि नियुक्तियां कार्यपालिका की मर्जी से की जा रही हैं। और भविष्य में ऐसी नियुक्तियों पर रोक लगाने के लिए स्वतंत्र कॉलेजियम जैसी व्यवस्था या चयन समिति गठित करने की मांग की गई। इस पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनवाई की।

जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस ऋ षिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार की संविधान पीठ ने इस मामले में पिछले 17 नवंबर को सुनवाई की थी, तब केंद्र सरकार ने निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग करने वाली दलीलों का जोरदार विरोध करते हुए कहा था कि इस तरह का कोई भी प्रयास संविधान में संशोधन करने के समान होगा। गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद 324 में निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में कहा गया है, लेकिन इसमें कोई प्रक्रिया नहीं बताई गई है। जिस पर इस मंगलवार को संविधान पीठ ने टिप्पणी की कि अनुच्छेद 324 में किसी प्रक्रिया का उल्लेख न होने पर संविधान की चुप्पी का फायदा उठाया जा रहा है।

पीठ ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कोई कानून नहीं होने का फायदा उठाए जाने की प्रवृत्ति को तकलीफदेह बताया और अंदेशा भी जतलाया कि राजनीतिक दल नियुक्ति को लेकर एक स्वतंत्र पैनल की स्थापना के लिए कानून पारित करने के लिए कभी भी सहमत नहीं होंगे, क्योंकि यह सरकार की अपनी पसंद के व्यक्तियों को नियुक्त करने की शक्ति को छीन लेगा जो उनके बने रहने के लिए जरूरी हो सकता है।

संविधान पीठ ने एक बड़ी कमी की ओर भी ध्यान दिलाया कि 2004 से किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 2 वर्ष से अधिक का नहीं रहा है। जबकि कानून के अनुसार, उनका छह साल या 65 वर्ष तक की आयु का कार्यकाल होता है, जो भी पहले हो। लेकिन पहले यूपीए और अब एनडीए सरकारों ने निर्वाचन आयुक्तों को ऐसे समय में नियुक्त किया कि वे छह साल की अवधि पूरी ही नहीं कर पाएं।

हालांकि अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि जिस मौजूदा प्रक्रिया के तहत राष्ट्रपति मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं, उसे असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता और अदालत उसे खारिज नहीं कर सकतीं। जबकि अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग के लिए आप आदर्श और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति की तलाश कैसे करते हैं, यह एक बड़ा सवाल है। अदालत ने यह भी कहा कि संविधान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो निर्वाचन आयुक्तों के 'नाजुक कंधों' पर बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं और वह मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर टीएन शेषन की तरह के सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति को चाहता है।

गौरतलब है कि 1990 में भारत के दसवें मुख्य निर्वाचन आयुक्त बने टी.एन. शेषन कड़े सुधारों के लिए जाने जाते हैं। मतदाता परिचय पत्र से लेकर चुनाव में खर्च पर लगाम जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले उन्होंने लिए और किसी के राजनैतिक रसूख के आगे झुकने से इंकार करते हुए, अगर जरूरी हुआ तो चुनाव रद्द कराने के फैसले भी लिए। देश में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में उनका महती योगदान है और अब सर्वोच्च अदालत उनकी ही तरह सख्त और राजनैतिक दबावों से मुक्त व्यक्ति को निर्वाचन आयुक्त के तौर पर देखना चाहती है। केंद्र सरकार के तर्क हैं कि सब कुछ संविधान के मुताबिक हो रहा है और कॉलेजियम जैसे प्रयास संविधान संशोधन के समान होंगे।

# फीफा कप का होता इस्लामीकरण

**आर.के. सिन्हा**

जाकिर नाईक जैसे घनघोर कट्टरवादी कठमुल्ले को विशेष अतिथि के रूप में फीफा वर्ल्ड कप 2022 में बुलाकर कतर ने यह साबित कर दिया है कि उसके इरादे नेक तो कत्तई नहीं है। जाकिर नाईक के खिलाफ भारत में वारंट जारी है । हमेशा टाई सूट पहनने वाले जाकिर नाईक पर सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने के गंभीर अभियोग हैं। भारत सरकार इस अभियोगों के आधार पर मलेशिया सरकार से जाकिर नाईक को प्रत्यर्पित करने की लगातार मांग कर रही है। पर मलेशिया की सरकार धूर्त नाईक को बचाती किसी न किसी बहाने बचाती फिर रही है।

दरअसल कतर की तरफ से फीफा की मेजबानी को लेकर पूरी दुनिया में विवाद भी छिड़ा हुआ है और सभी यह मान रहे हैं कि कतर ने पैसे के दम पर मेजबानी हासिल की। लेकिन , सवाल यह है कि वह कौन सी वजह है, जिसके लिए कतर इतना बड़ा आयोजन करवाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए राजी था। अब पता चल रहा है कि वह वजह थी इस्लाम के प्रचार का तगडा प्लेटफार्म तैयार करना। कई जानकार तो ऐसा ही मानते हैं। कतर सरकार का फीफा के आयोजन के समय जाकिर नाईक को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाना समझ से परे है। उसका कतर में होना ठोस संकेत है कि वह वहां पर फीफा कप के मैच देखने के लिए आए फुटबॉल प्रेमियों के बीच इस्लाम का प्रचार करने के लिये ही आया है या यूं कहें कि बुलाया गया है। जाकिर नाईक अपनी सभाओं में गैर- मुसलमानों से खुलकर कहता है कि वे इस्लाम धर्म अपना लें।

दरअसल कतर फीफा विश्व कप का आयोजन करने के बहाने अपने को दुनिया का सबसे मुखर इस्लामिक देश साबित करना चाहता है। उसे पता है कि फीफा कप को दुनिया के कोने-कोने में देखा जाता है। इसलिए यह एक बेहतर मौका है , फीफा के बहाने इस्लाम के प्रवक्ता बनने का। उसने फीफा कप से पहले बीयर कंपनी बडवाइजर के लिए एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी। उसने फीफा कप के दौरान बीयर की सेल पर रोक लगा दी। इसके चलते बडवाइजर को भारी नुकसान हुआ। कतर ने अपने वादे से पलटते हुए फीफा कप की शुरूआत से पहले स्टेडियम में बीयर की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है। यह बीयर कंपनी के साथ-साथ फुटबॉल फैंस के लिए भी निराश करने वाली खबर है। कतर में शराब की सेल होती है।




**बहरहाल, यह तो स्वीकरा करना ही होगा कि चालू फीफा कप को एक अलग रंग देने की कोशिश हो रही है। सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोग कतर की इस बात के लिए भूरि-भरि प्रशंसा भी कर रहे हैं कि एक छोटे से देश ने इतना बड़ा आयोजन कैसे कर दिया। इस प्रशंसा में यह सिद्ध करना भी सांकेतिक है कि इस्लामिक देश कुछ भी कर सकते हैं। हालांकि इस क्रम में दो तथ्य नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। पहला, कतर में उन श्रमिकों का कसकर शोषण हुआ है जो फीफा कप से जुड़े निर्माण कार्यों से जुड़े हुए थे।**

कतर सरकार ने स्टेडियमों के भीतर बीयर की सेल पर रोक लगाकर अपने को एक बड़ा इस्लामिक देश के रूप में पेश करने की कोशिश की है। जाकिर नाईक घनघोर हिन्दू विरोधी है। उसने कुछ समय पहले पाकिस्तान सरकार को इस्लामाबाद में हिन्दू मंदिर निर्माण की इजाजत न देने की सलाह भी दी थी। कह सकते हैं कि जाकिर नाईक ने पाकिस्तान में मंदिर न बनाने संबंधी बयान देकर पाकिस्तान के कठमुल्लों को खुश कर दिया। यानी अगर उसे मलेशिया से कभी बाहर किया गया तो उसे पाकिस्तान में सि? छिपाने की जगह तो मिल ही जाएगी। जाकिर नाईक के हक में हाफिज सईद और मौलाना अजहर महमूद जैसे कठमुल्ले पाकिस्तान सरकार पर दबाव डालने लगेंगे ताकि उसे पाकिस्तान में शरण मिल जाए। इसीलिए ही वह पाकिस्तान में मंदिर के निर्माण का विरोध कर रहा था। नाईक को कहीं न कहीं यह भी लगता होगा कि उसे मलेशिया के अलावा भी अपना कोई ठिकाना तलाश कर ही लेना चाहिए। क्योंकि, वहां पर उसका संरक्षक महातिर मोहम्मद तो अब सत्ता से बाहर हो चुका है। महातिर मोहम्मद भी भारत का दुश्मन है। वह कश्मीर से लेकर 370 जैसे मसलों पर भारत की निंदा करने से बाज नहीं आता था।

जाकिर नाईक पिछले कई दशकों से भारत में शांतिपूर्ण सामाजिक वातावरण को विषाक्त करता रहा है। वह एक जहरीला किस्म का शख्स है। उसके तो खून में ही हिन्दू-मुसलमानों के बीच खाई पैदा करना है। जाकिर नाईक लगभग पांच-छह सालों से भारत से भागकर अब मलेशिया जाकर बसा हुआ है। मलेशिया में रहकर नाईक भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हिन्दू समाज की हर रोज मीनमेख ही निकालता रहता है। जाकिर नाईक ने मलेशिया के हिंदुओं को लेकर भी तमाम घटिया बातें कही हैं। एक बार उसने कहा था कि मलेशिया के हिन्दू मलेशियाई पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद मोहातिर से ज्यादा मोदी के प्रति समर्पित हैं। अब आप समझ सकते हैं कि कितना नीच किस्म का ईँसान है नाईक। मलेशिया में करोडों भारतीय मूल के लोग रहते हैं। ये अधिकतर तमिल हिन्दू हैं। कुछ भारतीय मुसलमान और सिख भी हैं। वहां के भारतवंशी भारत से भावनात्मक स्तर पर

जाकिर नाईक पिछले कई दशकों से भारत में शांतिपूर्ण सामाजिक वातावरण को विषाक्त करता रहा है। वह एक जहरीला किस्म का शख्स है। उसके तो खून में ही हिन्दू-मुसलमानों के बीच खाई पैदा करना है। जाकिर नाईक लगभग पांच-छह सालों से भारत से भागकर अब मलेशिया जाकर बसा हुआ है। मलेशिया में रहकर नाईक भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हिन्दू समाज की हर रोज मीनमेख ही निकालता रहता है। जाकिर नाईक ने मलेशिया के हिंदुओं को लेकर भी तमाम घटिया बातें कही हैं। एक बार उसने कहा था कि मलेशिया के हिन्दू मलेशियाई पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद मोहातिर से ज्यादा मोदी के प्रति समर्पित हैं। अब आप समझ सकते हैं कि कितना नीच किस्म का ईँसान है नाईक।

मलेशिया में करोडों भारतीय मूल के लोग रहते हैं। ये अधिकतर तमिल हिन्दू हैं। कुछ भारतीय मुसलमान और सिख भी हैं। वहां के भारतवंशी भारत से भावनात्मक स्तर पर तो जुड़े हैं, पर वे मलेशिया को ही अपना देश मानते हैं। वे वहां की संसद तक में हैं। मंत्री भी हैं। उन पर जाकिर नाईक की बेहद गैर-जिम्मेदराना और विद्वेषपूर्ण टिप्पणी कतई सही नहीं मानी जा सकती है।

इस बीच,आपने देखा होगा कि भारत का मित्र राष्ट्र होने के बाद भी कतर भारत के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार नहीं कर रहा है। नूपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी के बाद कतर अकारण ही कुछ जरूरत से ज्यादा ही नाराज हो गया था। हालांकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी , क्योंकि भारत सरकार ने नुपुर शर्मा के बयान को खारिज कर दिया था। इसतरह , उसका रवैया कतई मित्रवत नहीं था।

बहरहाल, यह तो स्वीकरा करना ही होगा कि चालू फीफा कप को एक अलग रंग देने की कोशिश हो रही है। सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोग कतर की इस बात के लिए भूरि-भरि प्रशंसा भी कर रहे हैं कि एक छोटे से देश ने इतना बड़ा आयोजन कैसे कर दिया। इस प्रशंसा में यह सिद्ध करना भी सांकेतिक है कि इस्लामिक देश कुछ भी कर सकते हैं। हालांकि इस क्रम में दो तथ्य नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। पहला, कतर में उन श्रमिकों का कसकर शोषण हुआ है जो फीफा कप से जुड़े निर्माण कार्यों से जुड़े हुए थे। उनमें भारतीय, नेपाली, पाकिस्तानी और बांगलादेश के मजदूरों की संख्या ही अधिक थी। यानी मजदूरों का शोषण करते समय कतर भूल गया कि पकिस्तान और बंगलादेश भी तो इस्लामिक मुल्क ही हैं। दूसरा, फीफा कप के लिए बने स्टेडियम और दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी प्रोजेक्ट को चीनी कंपनियों ने ही पूरा किया। चीन से तो मानो कतर और इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी की जान ही निकलती है। सारी दुनिया को पता है कि चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार हो रहे हैं। चीन ने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को बुरी तरह कसा हुआ है। उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। यह सब कुछ सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के इशारों पर ही हो रहा है। इस सबके बावजूद कतर और इस्लामिक देश इन अत्याचारों पर चुप है। याद नहीं आता कि कतर ने चीन में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों पर एक शब्द भी विरोध का दर्ज किया हो। हालांकि नुपुर शर्मा मामले में वह भारत को बंदर भभकी दे रहा था। आर्ब्जवर रिसर्च फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शिनजियांग प्रांत में बने शिविरों में लाखों चीनी मुसलमानों को प्रतिदिन डराया-धमकाया जाता है। यह सब इसलिए हो रहा है ताकि चीनी मुसलमान कम्युनिस्ट विचारधारा को अपना लें। वे इस्लाम से दूर हो जाएं। इन सब तथ्यों पर कतर गौर नहीं करता। उसका तो एक अलग ही एजेंडा है।

# एक वीर योद्धा का हिंदूकरण

वीर योद्धा लचित बोरफुकन की 4 सौवीं जयंती को भाजपा सरकार दिल्ली से लेकर असम तक जोर-शोर से मना रही है। राष्ट्रीय अखबारों में इस अवसर पर बड़े-बड़े विज्ञापन दिए गए। प्रधानमंत्री ने ट्वीट के जरिए लचित दिवस की बधाई दी और 25 नवंबर को प्रधानमंत्री लचित बोरफुकन को श्रद्धांजलि देते हुए एक पुस्तक राष्ट्र को समर्पित करने वाले हैं।

इतिहास के नायकों का यह महिमामंडन अच्छी बात है, क्योंकि इससे आज की पीढ़ी को न केवल अपनी विरासत की जानकारी मिलती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरणा भी मिलती है। लेकिन लचित बोरफुकन के नायकत्व को जिस तरह भाजपा हिंदुत्व के आवरण में लपेटने की कोशिश कर रही है, उस पर अब कई इतिहासकारों ने आपत्ति जतलाई है।

इतिहास का पुनर्पाठ जरूरी होता है, क्योंकि उससे हम वर्तमान और भविष्य के लिए सबक ले सकते हैं। लेकिन राजनैतिक मकसद से इतिहास का पुनर्लेखन सही नहीं है। भाजपा कई बार ये आरोप लगा चुकी है कि देश की पाठ्य पुस्तकों में जो इतिहास पढ़ाया जाता है, वह वामपंथी नजरिए से प्रेरित है या अंग्रेजों का लिखा हुआ है। लेकिन भाजपा खुद जिस तरह का इतिहास प्रस्तुत करती है, उसमें साफ तौर पर अंध और उग्र राष्ट्रवाद के साथ-साथ हिंदुत्व का परचम लहराने के लिए तथ्यों की गलतबयानी बिना किसी झिझक के होती है। कुछ समय पहले ही एक उदाहरण पेश हुआ था जिसमें वी डी सावरकर को बुलबुल के पंखों पर मातृभूमि की सैर करते बताया गया था।



भाजपा के इतिहास लेखन में देश के पहले प्रधानमंत्री पं.नेहरू को भी गलत बताने की सायास कोशिश दिखती है। ताजा मिसाल संरा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट के सवाल को लेकर है, जिसके बारे में भाजपा का आरोप है कि पं.नेहरू ने इस सीट को इसलिए ठुकरा दिया, क्योंकि वे चीन से संबंध खराब नहीं करना चाहते थे।

जबकि इस बारे में 27 सितंबर 1955 को लोकसभा में डा. जे.एन. पारेख के सवाल का जवाब देते हुए पं.नेहरू ने साफ कहा था कि इस तरह का कोई प्रस्ताव औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर नहीं आया है। प्रेस में तथ्यहीन संदर्भों के हवाले से यह बात उठाई गई है। सुरक्षा परिषद का गठन संरा के चार्टर के मुताबिक हुआ है, जिसमें कुछ खास देशों को स्थायी सीट दी गई है। इस चार्टर में संशोधन के बिना कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। इसलिए भारत को सीट मिलने और इंकार करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। देश के प्रधानमंत्री का यह जवाब संसद के दस्तावेज में दर्ज है, लेकिन इसे नजरंदाज कर, कुछ प्रभावशाली लोग मीडिया के इस्तेमाल से गलतबयानी कर रहे हैं। यह अपने इतिहास ही नहीं, जनता के साथ भी छल है। क्योंकि उससे सच छिपाया जा रहा है।

यही छलावा तब भी दिखाई देता है, जब मुगल शासकों को उन विदेशी आक्रांताओं के समकक्ष खड़ा किया जाता है, जिन्होंने हिंदुस्तान पर आक्रमण केवल दौलत लूटने के उद्देश्य से किया। जबकि मुगल दौलत लूटकर कहीं भागे नहीं, बल्कि यहां उसी तरह उनकी सल्तनत कायम हुई, जैसे अनेक राजवंशों की रही। मुगलकाल की स्थापत्य कला से लेकर खानपान, नृत्य, संगीत, साहित्य, वस्त्राभूषण, शासन व्यवस्था की धरोहर भारतीय इतिहास और संस्कृति को समृद्ध बनाती है। लेकिन राजनैतिक स्वार्थ में इस खजाने के लुटने का खतरा है।

इतिहास के पन्ने ऐसी कई गाथाओं से भरे पड़े हैं, जब राजवंशों में अपने राज्य के विस्तार और प्रभाव के लिए आपसी लड़ाइयां होती थीं। राजाओं की सेना में धर्म के आधार पर नहीं, योग्यता और वफादारी के आधार पर सैनिक और अधिकारी नियुक्त होते थे। ऐसी ही एक लड़ाई मुगल बादशाह औरंगजेब और अहोम साम्राज्य के बीच हुई, जिसे 1671 के सराईघाट के युद्ध के तौर पर जाना जाता है। इस युद्ध में अहोम सेनापति लचित बोरफुकन ने मुगल सेनापति राजा राम सिंह कछवाहा को मात दी, जो आमेर के राजपूत थे।

औरंगजेब की सेना में कई हिंदू सैनिक थे और इनका मकसद मुगल साम्राज्य की जद में अहोम साम्राज्य को शामिल करना था। जबकि अहोम सेना में इस्माइल सिद्दीक नाम के नौसेना अधिकारी थे, जिन्हें बाग हजारिका के नाम से जाना जाता है। लचित बोरफुकन ने अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए वीरता से युद्ध किया, इसके पीछे कोई धार्मिक कारण नहीं था। लेकिन अब 4 सौ साल बाद लचित बोरफुकन को हिंदुत्व के रक्षक के तौर पर दिखाने की कोशिश हो रही है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने कहा कि अहोम सेनापति को वो सम्मान देश में नहीं मिला, जो छत्रपति शिवाजी को मिला। और ये उत्सव उन्हें सही सम्मान का अधिकार देने के लिए हैं। लचित बोरफुकन को पूर्वोत्तर का शिवाजी भी कुछ अखबारों ने लिखा है। जो पूर्वोत्तर के लिए हमारे अलग नजरिए की परिचायक है। छत्रपति शिवाजी और लचित बोरफुकन दोनों में ये समानताएं तो ढूंढी जा सकती हैं कि दोनों ही वीर थे और दोनों ने औरंगजेब की सेना से मोर्चा लिया। लेकिन इससे अधिक दोनों में साम्यता ढूंढने का न कोई अर्थ है, न औचित्य, क्योंकि दोनों अपनी तरह के महान योद्धा हैं।

लचित बोरफुकन ताई क्षेत्र से आते थे और उनकी सेना में कई आदिवासी सैनिक थे। इसलिए अहोम की सेना को हिंदूवादी सेना नहीं कहा जा सकता। वैसे भी लचित बोरफुकन असम के लोगों के लिए वीरता और अस्मिता का प्रतीक हैं। 80 के दशक में जब असम में प्रवासियों के खिलाफ आंदोलन शुरू हुए, तो इसमें स्थानीय हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए लचित बोरफुकन एक नायक की तरह आदर्श बने, जिन्होंने खुद बाहरी लोगों से लड़ाई लड़ी थी। 1999 से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, एनडीए में हर वर्ष लचित बोरफुकन स्वर्ण पदक सर्वश्रेष्ठ कैडेट को देती है। उन्होंने जिस तरह युद्ध में नौसेना का इस्तेमाल किया, वह भी एक मिसाल है। लेकिन अब भाजपा लचित बोरफुकन को केवल एक हिंदू योद्धा के तौर पर प्रस्तुत कर रही है, जो गलत है।

# आओ अपनी काबिलियत का लोहा मनवाएं

**गोंदिया** - हजारों वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि सृष्टि में मानवीय योनि की पहचान यहीं से हुई है, जो बंदरों से विकसित होते हुए माननीय योनि तक विकसित हुई और बौद्धिक क्षमता का विकास होते गया, जिसकी भव्यता हम वर्तमान स्तर में देख रहे हैं कि मानवीय योनि ने दुनिया को कहां से कहां और कैसी डिजिटल स्थिति में पहुंचा दिया कि, साक्षात मानवीय आकृति रोबोट बना दिया जो पूरी तरह से माननीय कार्य करने में सक्षम है, जो मानवीय बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। परंतु अगर हम इस तकनीकी प्रौद्योगिकी मेड मानव से हटकर सृष्टि रचयिता मानव में तकनीकी स्तरपर गुणों, व्यक्तित्व का विकास करने पर ध्यान दें तो हर मानवीय जीव अपने अपने स्तर पर एक अनोखा इतिहास रच सकते हैं!! जिसके सहयोग से हम विश्व को कहां से कहां ले जा सकते हैं। चूंकि हम यहां मानवीय गुणों के विकास की बात कर रहे हैं तो सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय व्यक्तित्व है, जो हर मानव अपने आप में पहचानकर उसमें अपने आप को ढाले तो वह स्वयं इतिहास रच सकता है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,आओ अपने व्यक्तित्व को अपनीपहचान बनाकर इतिहास रचें।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में पले मानवीय जीव की करें तो मेरा मानना है कि सदियों से हर मानवीय जीव की अभिलाषा रहती है कि मेरे बच्चे इतनी ऊंची सकारात्मक तरक्की करें कि मैं अपने बच्चों के नाम से पहचाना जाऊं कि यह फलाने के पिता हैं! बिल्कुल सही बात! बस! इसके लिए हर व्यक्ति को चाहे वह मेल हो या फीमेल उसके संबंध में माता-पिता शिक्षक समाज सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिएकि अपने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारें क्योंकि, हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती है। माता-पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। एक अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के मूल्यों के नियम बच्चों में रखना जरूरी है। इसलिए सबसे पहले बच्चों में या हमने खुद में समझदारी, धैर्य, उच्च विचार, गुस्से पर कंट्रोल सच्चाई पारदर्शिता को अपनाकर खुद को पहचाने।

साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तित्व की करें तो, हर मनुष्य का अपना-अपना व्यक्तित्व है। वही मनुष्य की पहचान है। कोटि-कोटि मनुष्यों की भीड़ में भी वह अपने निराले व्यक्तित्व के कारण पहचान लिया जाएगा। यही उसकी विशेषता है। यही उसका व्यक्तित्व है। प्रकृति का यह नियम है कि एक मनुष्यकी आकृति दूसरेसे भिन्न है।आकृति का यह जन्मजात भेद आकृति तक ही सीमित नहीं है; उसके स्वभाव, संस्कार और उसकी प्रवृत्तियों में भी वही असमानता रहती है। व्यक्तित्व-विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्त्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। बालक के व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। ज्यों-ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात कर लेता है, जिसमें वह बड़ा होता है और उस व्यक्ति के गुण ही व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं। साथियों सब बच्चे जुदा-जुदा परिस्थितियों में रहते हैं। उन परिस्थितियों के प्रति मनोभाव बनाने में भिन्न-भिन्न चरित्रों वाले माता-पिता से बहुत कुछ सीखते हैं। अपने अध्यापकों से या संगी-साथियों से भी सीखते हैं। किन्तु जो कुछ वे देखते हैं या सुनते हैं, सभी कुछ ग्रहण नहीं कर सकते। वह सब इतना परस्पर-विरोधी होता है कि उसे ग्रहण करना सम्भव नहीं होता। ग्रहण करने से पूर्व उन्हें चुनाव करना होता है। स्वयं निर्णय करना होता है कि कौन-से गुण ग्राह्य हैं और कौन-से त्याज्य। यही चुनाव का अधिकार बच्चे को भी आत्मनिर्णय का अधिकार देता है। प्रत्येक मनुष्य के मन में एक ही घटना के प्रति जुदा-जुदा प्रतिक्रिया होती है। एक ही साथ रहने वाले बहुत-से युवक एक-सी परिस्थितियों में से गुजरते हैं, किन्तु उन परिस्थितियों को प्रत्येक युवक भिन्न दृष्टि से देखता है, उसके मन में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं होती है। यही प्रतिक्रियाएं हमें अपने जीवन का दृष्टिकोण बनाने में सहायक होती हैं।हम अपने मालिक आप हैं, अपना चरित्र स्वयं बनाते हैं। ऐसा न हो तो जीवन में संघर्ष ही न हो, परिस्थितियां स्वयं हमारे चरित्र को बना दें, हमारा जीवन कठपुतली की तरह बाह्य घटनाओं का गुलाम हो जाए। सौभाग्य से ऐसा नहीं है।

मनुष्य स्वयं अपना स्वामी है।

## टोपी पहनाने वाले

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

नेताजी सेक्रेटरी के रग-रग से वाकिफ थे। उन्होंने सेक्रेटरी की चिंता का कारण पूछा। सेक्रेटरी ने कहा झ साहब! पाँच साल पहले आप इसी तरह तैयार होकर भाषण देने गए थे और सौभाग्य से विधायक भी बन गए। लेकिन सच्चाई यह है कि आपका किया एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। अब हम किस मुँह से जनता का सामना करेंगे? अगर कहीं जनता भड़क गयी तो लेने के देने पड़ जायेंगे।

नेताजी सिगरेट का कश लगाते हुए बड़े इत्मिनान के साथ कहा झ देखो सेक्रेटरी! यह जनता भी बड़ी अजीब होती है। यदि वे मुर्गमुसल्लम खा रहे हों और उनसे वह थाली छीन ली जाए तो वे रोटी-सब्जी खाने लगते हैं। अगर रोटी-सब्जी छीन ली जाए तो चावल-दाल खाने लगते हैं। और चावल-दाल छीन ली जाए तो पानी पीकर रह जाते हैं। जनता बड़ी जुगाड़ु होती है। ऐसे में अगर उनसे यह वादा कर दिया जाए कि हम घर के प्रत्येक सदस्य को दस-दस किलो चावल मुफ्त देंगे तो वे अपना मुर्गमुसल्लम भुलाकर फिर से हम पर विश्वास करने लगेंगे। यह जनता किसी सिगरेट से कम नहीं है। पाँच साल तक इनका जितना कश लगाया जा सकता है, लगाओ और किए हुए वादों को धुएँ के माफिक हवा में गायब हो जाने दो। जनता हमेशा आज में जीती है। इसलिए तुम चिंता मत करो। मेरे पास जनता को बहलाने के बहुत सारे वादे हैं। वादों के दो बिस्कुट फेंकते ही कुत्ते की तरह दुम हिलाते हुए मेरे आगे-पीछे हिलने-डुलने लगेगी। सो जल्दी करो, कहीं दूसरे नेताजी आकर हमसे बड़ा वादा न कर जाएँ।

# व्यास राम स्वरूप ब्रह्मचारी ने श्रोताओं को बताया भगवत भक्ति का महत्व

**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर, उन्नाव ।** नगर मध्य मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित पार्क में परम श्रद्धेय आचार्य स्वामी श्री रामस्वरूप जी ब्रह्मचारी के मुखारविंद से भक्तों को श्रवण कराई जा रही भगवत कथा में शनिवार को द्वितीय दिवस व्यास द्वारा भगवत प्रेमियों को श्रीमद् भागवत कथा में वर्णित राजा परीक्षित के प्रसंग को सुनाया गया। कि किस प्रकार कलयुग के प्रभाव में आकर राजा परीक्षित द्वारा ऋषि पुत्र श्रृंगी के पिता के गले में मृत सर्प को डाल दिया गया। जिससे कुपित होकर श्रृंगी ने राजा परीक्षित को श्राप दे दिया कि सातवें दिवस यही सर्प तुम्हें जीवित होकर डसेगा।



यहां पर आपको बता दें ऐसा मानना है कि सर्पदंश से व्यक्ति की हुई मौत में उसे मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है। जिस कारण वस राजा परीक्षित ने सुखदेव जी महाराज से श्रीमद् भागवत कथा रूपी महापुराण का श्रवण पान कर जीवन को कृतार्थ किया तथा मोक्ष और परमात्मा के परमधाम को प्राप्त हुए।परमार्थ धाम भिनकीपुर से पधारे संत शिरोमणि रामस्वरूप जी ब्रह्मचारी ने श्रोताओं को बताया कि प्राणी को मनुष्य शरीर उसके सत कर्मों से तथा परमात्मा की कृपा से ही प्राप्त होता है जो अत्यंत दुर्लभ है। इस मनुष्य रूपी योनि में जन्म लेकर प्राणी मात्र को ईश्वर में आस्था और विश्वास रख सांसारिक कर्मों के साथ-साथ पारब्रह्म की आराधना करना भी जरूरी है। जिससे कि जीवात्मा को अंत समय में सद्गति प्राप्त हो सके। इस अवसर पर कथा पंडाल में यजमान

ओमप्रकाश, शिवप्रकाश, ओंमकार, प्रमोद, अश्वनी, शिव प्रकाश, मनोज गुप्ता, लालजी, राकेश, उमेश आदि ने अनेक लोगो के साथ कथा का रसपान किया।

## संयुक्त संघर्ष समिति ने समस्याओं के निदान की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने संविदा कर्मचारी पर हमले को लेकर राधा लॉज के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अधिशाषी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में समस्याओं के समाधान की मांग की।

शनिवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने उपकेन्द्रों पर ट्रासफार्मर बदलने के संविदा कर्मियों पर दबाव बनाने पर रोष जताया। कहा कि इस कार्य को कराने की जिम्मेदारी एजेंसी की नहीं है। विभागीय कर्मचारी व संविदा कर्मियों के परिचय पत्र निर्गत कर सुरक्षा उपकरण दिये जायें।

संयुक्त संघर्ष समिति ने वर्क टू रुल के कार्य का आवाहन किया। विभिन्न मांगों के जल्द निस्तारण की मांग उठाई। इस मौके पर राज्य विद्युत परिषद के उपखण्ड अधिकारी आशीष सिंह, हाईड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन के शिवप्रकाश अवस्थी, उत्तर प्रदेश निविदा संविदा कर्मचारी संघ के हरीओम सिंह, उप्र बिजली कर्मचारी संघ के शिवकुमार व उप्र विद्युत मजदूर संघ के आशीष कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

## ईओ ने पचास किलो पालीथिन जब्त कर किया जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील ने पालिका कर्मियों की टीम के साथ बेडीपुलिया तिराहे से रामघाट के व्यवसायिक क्षेत्र में प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाते हुए पचास किलो पालीथिन जब्त कर 12100 रुपये जुमार्ना वसूला।

शनिवार को नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील ने बेडीपुलिया तिराहे से रामघाट के व्यवसायिक क्षेत्र तक सभी दुकानदारों, थोक विक्रेता, फल विक्रेताओं व ठेला-पटरी दुकानदारों को पालीथिन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पचास किलो पालीथिन बरामद कर 12100 रुपये विभिन्न लोगों से जुमार्ना वसूला।

अभियान में ईओ रामअचल कुरील के साथ जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय आदि स्टाफ मौजूद रहा। ट्राफिक चैराहा के सभी कारोबारियों से अनुरोध के साथ निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पालीथिन, थमाकोल पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उपयोग न करें। पकडे जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## चालकों का नेत्र परीक्षण कराकर नियमों के प्रति किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर एसपी सोनकर की देखरेख में यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की मौजूदगी में यातायात जागरूकता कार्यशाला एवं निःशुल्क नेत्र/ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया।



शनिवार को बेडीपुलिया में यातायात शिविर में जिला अस्पताल के डॉ रमेश कुमार भारती नेत्र सर्जन एवं उनकी टीम ने वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया। वाहन चालकों की आंखों की जांचकर स्वास्थ्य संबंधी उचित सलाह दी गई। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने शिविर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी।

यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा कि समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराते रहें, ताकि किसी प्रकार की कमी आने पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने शराब का सेवन कर वाहन न चलाने की सलाह दी। कहा क शराब पीकर वाहन चलाने से हादसे के आसार ज्यादा रहते हैं। तेज गति से वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट अवश्य लगायें। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। इस मौके पर यातायात पुलिस टीम मौजूद रही।

## संविधान दिवस पर फुटबाल मैच का हुआ शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** संविधान दिवस 26 नवम्बर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय फुटबाल, कबड्डी चयन प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला खेल पुरस्कार समिति के आजीवन सदस्य / समाजसेवी विवेक कुमार अग्रवाल ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।



शनिवार को क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने संविधान की महत्ता पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकार समानता का अधिकार बाबा साहब ने सभी लोगों को दिया है। विवेक अग्रवाल ने खिलाडियों को संविधान के बारे में जानकारी दी। अंत में राष्ट्रगान सभी खिलाडियों व गणमान्य लोगों ने गाया।

राष्ट्रगान के बाद भारत माता की जय के नारे लगाये। विवेक कुमार अग्रवाल ने फुटबाल खिलाडियों से परिचय लेकर हौसला आफजायी की। उन्होंने खिलाडियों को फल भी बांटे।

## लेखाधिकारी की लापरवाही से बाधित हो रहे विभागीय कार्य

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड प्रथम के लेखाधिकारी वीरेन्द्र कुमार बिना सूचना दिये कार्यालय से बहुधा नदारद रहते हैं। इससे विभागीय कार्य बाधित होने के साथ ठेकेदारों के भुगतान भी बाधित हो रहे हैं। लेखाधिकारी वीरेन्द्र कुमार की लापरवाही इस कदर है कि वह एक्सईएन का फोन भी नहीं उठाते और काल जाने के बाद भी जवाब तक नहीं देते।




शनिवार को लोनिवि निर्माण खण्ड के लेखाधिकारी वीरेन्द्र कुमार के कारनामों का खुलासा हुआ। बताया गया कि वीरेन्द्र कुमार अपने कार्यों के प्रति इस कदर लापरवाह हैं कि आये दिन कार्यालय से नदारद रहते हैं। बिना सूचना दिये कार्यालय से गायब रहना उनकी फितरत बन गई है। किसी जिम्मेदार अधिकारी के रोकने-टोकने का भी उन पर कोई असर नहीं पड रहा है। एक्सईएन कृष्ण कुमार ने उन्हें कई बार चेतावनी भी दी है। इसके बाद भी उनकी हरकतों पर कोई सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों को भी लेखाधिकारी की करतूतों को अवगत कराने को कहा है।

लेखाधिकारी वीरेन्द्र कुमार की लापरवाही इस कदर उजागर हो रही है कि वह अपने एक्सईएन के फोन का भी कोई जवाब देना जरूरी नहीं समझते। काल जाने पर भी कभी उत्तर नहीं देते। वीरेन्द्र कुमार की हरकतों से विभागीय कर्मचारी ही नहीं, बल्कि ठेकेदार भी खासे परेशान हैं। उनकी हरकतों से विभागीय कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

## साम्राज्यवादी देशों ने दुनिया के कई क्षेत्रों में बढाया तनाव: का मोतीलाल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कंट्रोल कमीशन के सदस्य का मोतीलाल ने कहा कि अपने यहां पैर पसार रही मन्दी से निपटने व नाटों के विस्तार और हथियारों की बिक्री को बढावा देने को साम्राज्यवादी अमेरिका व यूरोपीय देशों ने दुनिया के कई हिस्सों में तनाव क्षेत्र बना दिये हैं।




शनिवार को भाकपा जिला काउंसिल की एक दिवसीय बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय हालातों पर चर्चा हुई। चर्चा में पार्टी के राष्ट्रीय कंट्रोल कमीशन के सदस्य का मोतीलाल ने कहा कि इन्ही नीतियों के नतीजतन रुस-यूक्रेन युद्ध है, जिसमें जन, धन की भारी तबाही हो चुकी है। अमेरिका ने अपनी संसद की अध्यक्ष को ताईवान भेजकर चाइचीज सागर के क्षेत्र में भारी तनाव पैदा कर दिया। जो कभी भी युद्ध में बदल सकता है। डॉ गिरीश ने जिला काउंसिल की बैठक में कहा कि जब युद्ध के बादल छा रहे हैं, शान्ति की ताकतें और शान्ति आन्दोलन निष्प्रभावी है। भाकपा के 14वें महाधिवेशन के प्रस्तावों की जानकारी का मोतीलाल ने दी।

उन्होंने कहा कि असफल सरकार ज्यादा तानाशाह होती जा रही है। जनता की आवाज दबाने को दमन चक्र चला रही है। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य का रामचन्द्र सरस ने राज्य सरकार पर किसानों, कामगारों और नौजवानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। एक दिवसीय जिला काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक का रामप्रसाद सिंह ने की। संचालन जिला सचिव का अमित यादव ने किया। बैठक में का चन्द्रपाल, का महेन्द्र प्रताप, का सत्यहरण, का सुशील, का संदीप पाण्डेय, का राजेन्द्र कुमार, का कमलेश, का रविकरन ने विचार रखे। बैठक में सियाराम वर्मा, विनोद पाल, श्रीपाल प्रजापति, शिवबरन, सुनील कुमार, शिवनरेश, हनुमान, रामस्वरुप, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने शिकायत का किया तत्काल निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर निवासी राजापुर के प्लाट संख्या 1359 पर कब्जा दिलाने की शिकायत की सुनवाई करते हुए एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां को जांचकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। शनिवार को नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर निवासी राजापुर हाल मुकाम प्रयागराज के नाम संक्रमणीय भूमि कागज में दर्ज है। 1991 में अनुसूचित जाति की महिला से भूमि खरीदी थी। भूमि खरीदने के पहले ही गाटा संख्या 1359 से भंभेट गांव से राजापुर जोडने वाला मुख्य मार्ग चलता था। नरेन्द्र कुमार ने अनुसूचित जाति की भूमि खरीदने में कोई परमीशन नहीं लिया था।

# लंपी वायरस से दम तोड रहे जानवर, तीन महीने पहले भेजें गए सैंपल का नहीं मिला रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**
**गंज मुरादाबाद उन्नाव ।** बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में लंपी वायरस अपना कहर बरपा रहा है इससे पहले भी यही खबर कई बार प्रकाशित हो चुकी है लेकिन उसका कोई असर अधिकारियों पर नहीं नजर आ रहा है मावेशी पालकों में हड़कंप मचा है कई जानवरों की मौत भी हो चुकी है यह वायरस विकास खण्ड गंज मुरादाबाद के कई गांवों में ज्यादा दिखाई पड रहा है। अब तो इस वायरस के शिकार घूमन्तू आवारा जानवरों में फैल चुका है



जिससे खतरा और भी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। क्योंकि यह आवारा पशु रात होते ही गांवों के पास आ जाते पालतू पशुओं का चारा खाने के लिए जिससे पालतू पशुओं में भी यह बीमारी होने का डर बना रहता है। आवारा जानवर एक गांव से दूसरे गांव तक घूमते रहते हैं। डाक्टरों से बात करने पर वह भी गोलमोल जवाब देते हैं सैंपल की बात पूछने पर कहते हैं कि हमने बहुत पहले ही सैंपल भेज दिए थे। लेकिन जिला से अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। कि कब तक रिपोर्ट भेजी जाएगी तभी हम केवल लंपी वायरस के लक्षणों को देखकर इलाज कर रहे हैं इन गांवों में ज्यादा असर है लंपी वायरस का चक हनुमान, गोपाल पुर भिक्खन , आलापुर, नरौली,ब्रोकली, पंचम खेड़ा, गोवापटटी आदि गांव में फैला है।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** शनिवार विकास भवन सभागार में सांसद डॉ. सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में सांसद द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, मिड-डे मील एवं सर्व शिक्षा अभियान, कौशल विकास, बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, समेकित विद्युत विकास योजना, ग्रामींण एवं शहरी आवास, ग्रामींण रोजगार, कृषि एवं सिंचाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गौवंश संरक्षण, राष्ट्रीय रूर्बन मिशन, उज्जवला, खाद्य सुरक्षा, रोजगार सृजन, क्षेत्र विकास निधि, गड्ढामुक्ति, पैच मरम्मत, नहरों की सिल्ट सफाई, कूड़ा निस्तारण, औद्योगिक प्रदूषण विद्युत व्यवस्था आदि की समीक्षा की गयी।उक्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकारी गण जनप्रतिनिधियों का




सम्मान करें तथा उनके द्वारा दी गयी शिकायतों का तुरन्त संज्ञान लें। जिले की सड़कों की स्थिति अत्यन्त खराब है। इनका जल्द से जल्द सुधार किया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि विद्युत विभाग से सबसे ज्यादा लोग परेशान हैं। विभाग के स्थानीय कर्मचारियों द्वारा लोगों को परेशान किया जाता है।

बढ़ा-चढ़ाकर बिल बनाये जाते है। तथा रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति नही की जाती है। लोगो से अवैध वसूली भी की जाती है यह कृत्य अत्यन्त निन्दनीय है। सांसद ने विद्युत के अधीक्षण अभियन्ता को सख्त निर्देश दिये कि इस प्रकार का चलन कदापि बर्दाश्त नही किया जायेगा। गॉव-गॉव में कैम्प लगाकर लोगो की समस्याएं सुनी जाएं तथा उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। राशन वितरण प्रणाली से सम्बन्धित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए साक्षी महाराज ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन केवल पात्र लाभार्थियों को ही दिया जाये। जो भी अपात्र लोग राशन ले रहे है उनकी जॉच करा कार्ड निरस्त करने की कार्यवाही की जाएं। सर्दी के दृष्टिगत उन्होने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि कोई भी गौवंश, अन्ना पशु खुले में या सड़क पर नही दिखना चाहिए। शत प्रतिशत गौवंश का गौ आश्रय स्थलों में संरक्षण किया जाये। इस दौरान सांसद ने क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जिले में प्रदूषण की समस्या से निपटने हेतु विशेष रणनीति बनाकर सकारात्मक कार्यवाही करें।बैठक में विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बा लाल दिवाकर, विधायक पुरवा अनिल सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पन्नालाल सभागार में अधिकारियों कर्मचारियों को संविधान दिवस की दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** शनिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य मे कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नरेन्द्र सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी।

अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 26 नवम्बर 1949 को समिति के द्वारा संविधान लिखकर पूर्ण करने पर देश की संविधान सभा द्वारा संविधान को विधिवत रूप से स्वीकार किया गया था। इसी के फलस्वरूप 26 नवम्बर को पूरे देश मे राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया जाता है।




इसी के तहत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि हम सभी को संविधान के अनुसार ही अपने पदों के दायित्वों का निवर्हन करना चाहिए।संविधान दिवस के अवसर पर दीवानी न्यायालय, उन्नाव के केंद्रीय सभागार में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशन में विराट कुमार श्रीवास्तव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सभागार में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण, नामिका अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक, दीवानी न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के कर्मचारी गणों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी गयी।संविधान दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक के दौरान सांसद डा. सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज द्वारा भी संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। इस दौरान समस्त विधायक गण, जिलाधिकारी, पुसिल अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त सरकारी कार्यालयों, निगमों, विद्यालयों आदि में भी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा संविधान की शपथ ली गयी।

# कांग्रेसियों ने ली संविधान रक्षा की शपथ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए संविधान की रक्षा की शपथ ली।

शनिवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में सेवा दल के जिलाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद ने सभी कांग्रेसियों को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग संविधान निमार्ता भीमराव अम्बेडकर के संविधान की रक्षा का संकल्प लें। 26 नवम्बर 1947 को संविधान को अंगीकार किया गया था। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म व उपासना की स्वतंत्रता थी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला ने कहा कि आज भारत के संविधान के साथ खिलवाड किया जा रहा है। सभी लोग एकजुट होकर बाबा साहब के निर्मित संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर उनके बताये मार्ग का अनुसरण करें।



पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने बाबा साहब को याद करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कहा कि लोकतंत्र संविधान दोनों को भाजपा सरकार कुचलने का काम कर रही है। लोकतंत्र को बचाने को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा पर निकले हैं। नफरत छोडो-भारत जोडो के तहत सभी को एकजुट होकर संविधान की रक्षा की शपथ लेनी होगी। इस मौके पर कांग्रेसी नेता राजकुमार गर्ग, शिवगुलाम वर्मा, कुलदीप मिश्रा, राकेश शुक्ला, सीताराम सिंह, नीरु गुप्ता, कृष्णराज सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में प्रभास महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द ने मुख्य अतिथि कैलाश बौद्ध व व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की अध्यक्षता में संविधान दिवस एवं माता झलकारी बाई की जयंती शहीद पार्क कर्वी में मनाई। बतौर विशिष्ट अतिथि सपा नेता मान सिंह पटेल, पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल, शिक्षक नेता राधेश्याम तूफानी, अवधेश बक्शी, व्यापारी आरके सिंह, प्रधान रामेश्वर कोटार्य, पूर्व प्रधान रामप्रसाद वर्मा, नेता जागरण पटेल, फूलचन्द्र अतरौलिया, पूर्व रेलवे अधिकारी संतोष कमल, पूर्व प्रधान रमेश श्रीवास आदि की मौजूदगी में संविधान निमार्ता डॉ अम्बेडकर एवं माता झलकारी बाई पर रोशनी डाली। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार आदि मुद्दों पर विचार रखे। बतौर मुख्य अतिथि कैलाश बौद्ध ने कहा कि संविधान का मूल उद्देश्य भारत को एक कल्याणकारी राष्ट्र बनाना है। इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह कछवाह, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, शंकर यादव, हरीराम सिंह को झलकारी बाई सम्मान से सम्मानित किया। प्रभास महासभा के प्रदेश सचिव अरविन्द्र कुमार, मंडल प्रभारी राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल पटेल, आशीष सिंह, तहसील अध्यक्ष लवलेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने किया।

# पुतिन ने रूसी सैनिकों की माताओं का दर्द साझा किया: अपने घर पर मुलाकात की, कहा- मां के लिए बेटे को खोने से बड़ा कोई दुख नहीं

**जेनेवा।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहे सैनिकों की माताओं से मुलाकात की। उन सभी महिलाओं के दुख को साझा किया। मॉस्को में अपने घर में की गई मुलाकात में पुतिन ने कहा, बेटे को खोने के दुख से बड़ा कुछ नहीं। खासकर किसी मां के लिए यह बहुत कठिन होता है। हम आपके दर्द को समझते हैं और सभी माताओं के कर्जदार हैं। दरअसल पुतिन ने यह मुलाकात तब की है, जब कई महिलाओं ने ऐसे आरोप लगाए की उनके बेटों को बिना ढंग के हथियार और ट्रेनिंग के युद्ध में धकेला जा रहा है।

रूसी सैनिक की माताओं से मुलाकात में उन्हें 17 महिलाओं के साथ बैठे हुए देखा जा सकता है। इनमें से कुछ महिलाओं ने काला स्कार्फ अपने सिर पर बांधा है। जो किसी के खोने के दुख का सिंबल माना जाता है। इनमें एक महिला से पुतिन ने कहा, आपके बेटे ने अपना गोल हासिल किया है, वो यूं ही नहीं मरा। उन्होंने सभी



महिलाओं को आश्वासन दिया की समय-समय पर वो खुद भी सीधे सैनिकों से बात करते रहते हैं।

**पुतिन ने फेक न्यूज से बचने की हिदायत दी-** S जनरल मार्क मिले के मुताबिक युद्ध में रूस अभी तक अपने 1 लाख से ज्यादा सैनिक खो चुका है। यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध के बीच हो रही रिपोर्टिंग पर भी पुतिन ने सवाल उठाए हैं। उन्होने सभी महिलाओं से अपील की है कि टीवी और इंटरनेट पर आ रही वो फेक न्यूज और झूठी खबरों से बचें। रिपोर्ट के मुताबिक जिन महिलाओं से पुतिन ने मुलाकात की है वो सभी प्रो- पुतिन मूवमेंट से जुड़ी हैं, यानी पुतिन की समर्थक हैं। इनमें से एक महिला पूर्वी यूक्रेन के लुहांस्क इलाके से भी है। जिस पर अब रूस ने कब्जा किया हुआ है।

**युद्ध में लोगों को जबरन भर्ती कर चारा बना रहा रूस**

पुतिन ने एक तरफ सभी महिलाओं से कहा कि वो उनके बेटों को देश का हीरो मानते हैं, वहीं रूस पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि वो कुछ लोगों को जबरन सेना में भर्ती कर उन्हें 'कैनन फॉडर' की तरह इस्तेमाल कर रहा है। मैरियम वेबस्टर के मुताबिक कैनन फॉडर का मतलब उन सैनिकों से है जो सबसे कमजोर होते हैं, जिन्हें केवल चारे के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। किसी भी युद्ध में दुश्मन देश की सेना को मारने जितना जरूरी ही खुद के सैनिकों को भी बचाना होता है, लेकिन कैनन फॉडर वो होते हैं जिनकी किसी को परवाह नहीं होती है।

# यूक्रेनी डॉक्टरों ने अंधेरे में की बच्चे की हार्ट सर्जरी:रूसी हमले से बिजली गुल हुई, इमरजेंसी लाइट में ऑपरेशन पूरा किया

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया पर यूक्रेन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ डॉक्टर्स अंधेरे में एक बच्चे की हार्ट सर्जरी कर रहे हैं। दरअसल, रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन की एनर्जी सप्लाई तबाह कर दी। करीब एक करोड़ लोग बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। वीडियो 24 नवंबर का है। इरीना वोइचुक नाम की महिला ने इसे पोस्ट करते हुए लिखा- रूस ने कीव पर मिसाइल से हमला किया। इससे कीव हार्ट इंस्टीट्यूट की बिजली गुल हो गई। यहां डॉक्टर्स एक बच्चे की सर्जरी कर रहे थे। जिसके बाद इमरजेंसी लाइट की मदद से सर्जरी पूरी की गई।

**तंज कसते हुए डॉक्टर बोले- रूस यही तो चाहता है**

वीडियो में एक डॉक्टर ने बनाया है। इसे बताने हुए उन्होंने कहा- आज हमें इस तरह से अंधेरे में सर्जरी करनी पड़ रही है। हमें नहीं पता कि क्या हुआ लेकिन एकदम लाइट चली गई और अंधेरा हो गया। हम सर्जरी को बीच में रोक नहीं सकते थे तो इमरजेंसी लाइट के इस्तेमाल से इसे पूरा किया गया। उन्होंने तंज कसते हुए रूस से कहा- खुशी मनाओ, बहुत अच्छा काम किया है। आप ये ही तो चाहते थे।

**डॉक्टर्स की सराहना हो रही-** सोशल मीडिया पर लोग डॉक्टर्स की सराहना कर रहे हैं। कुछ लोग उन्हें 'हीरो' कह रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- ये सर्जन्स हीरो हैं। अच्छे दोस्त हैं। परेशानी



के समय भी लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा- जंग के बीच ये डॉक्टर्स शांत हैं। ये मेहनती और प्रोफेशनल्स हैं, जो मुश्किल हालात में भी लोगों का इलाज कर रहे हैं।

**रूस ने 23 नवंबर को दागीं 70 मिसाइलें**

रूसी सैनिकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 70 मिसाइलें दागीं। हमले में 10 लोगों की मौत हो गई। 30 लोग घायल हो गए। रूसी हमले के चलते न्यूक्लियर पावर प्लांट्स 40 सालों में पहली बार पावर ग्रिड से डिस्कनेक्ट हो गए हैं। कीव में एक करोड़ लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं, जबकि 30 लाख लोग ठंड से बचने के लिए अपना घर छोड़ सकते हैं। यूक्रेन में ठंड जानलेवा हो सकती है। एक अनुमान के मुताबिक इस साल वहां के कई इलाकों का तापमान -20 डिग्री से भी कम जा सकता है। इससे बिना बिजली के निपटना नामुमकिन है।

**8 अक्टूबर को यूक्रेन ने रूस का अहम ब्रिज उड़ाया, फिर पुतिन ने बदला लिया**

24 फरवरी को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग 8 अक्टूबर को तेज हो गई। इस दिन यूक्रेन ने रूस का कर्च ब्रिज उड़ा दिया था। ये ब्रिज रूस को क्रीमिया से जोड़ता है। इसका बदला लेते हुए रूस ने 48 घंटे बाद 10 अक्टूबर को यूक्रेन पर 83 मिसाइलें दाग दी थीं।


इस दौरान यूक्रेन का पारकोवी ब्रिज भी तबाह हो गया था। यह नाइपर नदी पर पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया था। इसके अलावा रूस ने कर्च ब्रिज उड़ाने के आरोप में यूक्रेन के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# ब्राजील के दो स्कूलों में गोलीबारी, 3 की मौत: हमलावर भागते हुए अंदर धुसा और गोलियां बरसाई, खुद बुलेटप्रूफ जैकेट पहने था

**ब्राजीलिया।** ब्राजील में एक शूटर ने दो स्कूलों में घुसकर गोलीबारी कर दी। हमले में 2 टीचर्स और एक स्टूडेंट की मौत हो गई। 11 लोगों के घायल होने की खबर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी। पुलिस ने कहा- हमला एस्पिरिटो सैंटो स्टेट के आराक्रूज शहर में हुआ। हमलावर की उम्र 16 साल के आस-पास है। वो सेमी-ऑटोमेटिक गन लेकर स्कूल में घुसा और फायरिंग शुरू कर दी। उसने अपनी एक मास्क और मिलिट्री जैसे कपड़े पहन रखे थे। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना का वीडियो सामने आया एक स्कूल में लगे CCTV कैमरा का फुटेज सामने आया है। इसमें हमलावर दिख रहा है। उसने अजीब से मिलिट्री यूनिफॉर्म जैसे दिखने वाले कपड़े पहने हुए हैं। उसने अपना चेहरा ढ़कने के लिए मास्क लगाया हुआ है। वह गेट पर लगा ताला तोड़ते हुए स्कूल में घुसा। यहां टीचर्स रूम में जाते ही उसने गोलियां चला दीं। इसके बाद वो दूसरे स्कूल में चला जाता है। जहां उसने फायरिंग करते हुए कई लोगों को घायल कर दिया। एक अफसर ने बताया कि हमलावर के पिता पुलिस में हैं। उन्हीं की गन से फायरिंग की गई। उन्होंने कहा- 16 साल के हमलावर के पिता पुलिस सर्विस में हैं। हमलावर के पास दो गन थीं, जो उसके पिता की थीं।


## बेट्सी शावेज बने पेरू के नए प्रधानमंत्री

**लीमा।** पेरू के राष्ट्रपति प्रेडो कैस्टिलो ने एनीबल टोरेस की जगह बेट्सी शावेज को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। टोरेस ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व में संस्कृति मंत्री और श्रम और रोजगार प्रोत्साहन मंत्री के रूप में काम कर चुके शावेज को राजधानी लीमा के गवर्नमेंट पैलेस में आयोजित एक समारोह के दौरान शपथ दिलाई गई। टोरेस के इस्तीफे से उत्पन्न कार्यकारी और विधायी शाखाओं के बीच नए तनाव के बीच



वह प्रधान मंत्री बनीं, जिन्होंने विधायिका द्वारा एक विधेयक के अनुमोदन के लिए विश्वास मत के उनके अनुरोध को अस्वीकार करने के बाद पद छोड़ दिया था।

## ईरान में स्टील फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत, दो घायल



**तेहरान।** ईरान के मध्य यज्द प्रांत में बाफाक स्टील परिसर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी आईआरएनए समाचार ने दी। घटना हुई। आपातकालीन विभाग यज्द के अनुसार बचाव दल के आने से पहले घटना स्थल पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। समाचार एजेंसी के मुताबिक दो घायलों को बाफाक शहर के एक अस्पताल में ले जाया गया। आईआरएनए ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन यज्द आपातकालीन विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि कंपनी में वेल्डिंग के दौरान विस्फोट हुआ।

# संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान से कहा, तुरंत रोकें अफगानी महिलाओं के खिलाफ हिंसा

**काबुल।** अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा से संयुक्त राष्ट्र संघ परेशान है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से तुरंत अफगानी महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने को कहा है।

पूरी दुनिया महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मना रही है। लैंगिक हिंसा के खिलाफ विश्व भर में 16 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले में अफगानिस्तान विश्व में सबसे आगे है। 2021 में तालिबान के शासन में आने के बाद से अफगानिस्तान में महिलाओं के कई मौलिक अधिकार प्रतिबंधित या रद्द कर दिए गए हैं। इन्हें बहाल करने की मांग लगातार उठ रही है। अब संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी यही मांग उठाई है।

काबुल स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान सरकार से अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने को कहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि




अफगानिस्तान में देश में महिलाएं अधिकारों के मामले में बेहद खराब स्थिति में हैं। इस दिशा में सुधार लाने व देश में व्यापक शांति बहाल करने के सार्थक उपाय किये जाने चाहिए। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत रोजा ओटुनबायेवा ने कहा है कि अफगानिस्तान की महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की जरूरत है। उनके लिए अच्छा वातावरण बनाने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है, ताकि उन्हें सभी प्रकार की हिंसा से मुक्त किया जा सके।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में दो की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में हुए आतंकवादी हमले में दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना हुई, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर घात लगाकर हमला किया, जब वे एक पुलिस चौकी की ओर जा रहे थे। पुलिस



ने बताया कि सुरक्षा बलों ने क्षेत्र से आतंकवादियों की किसी भी संभावित उपस्थिति को खत्म करने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। पुलिस ने कहा कि इसके अलावा लक्की मरवत के सदर इलाके में एक पुलिस थाने पर भी रात में आतंकवादियों ने हमला किया, हालांकि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

## सिंगापुर में फांसी की सजा के खिलाफ तीन भारतीय मूल के मलेशियाई लोगों के आवेदन खारिज

**सिंगापुर।** सिंगापुर हाई कोर्ट ने ड्रग मामलों में फांसी की सजा के खिलाफ तीन भारतीय मूल के मलेशियाई लोगों के आवेदन को खारिज कर दिया। सिंगापुर के जुमात मोहम्मद सईद और भारतीय मूल के मलेशियाई लिंगकेस्वरन राजेंद्रन, दचिनामूर्ति कटैया और समनाथन सेल्वाराजू ने कहा कि वकीलों ने उनका प्रतिनिधित्व नहीं किया। सिंगापुर हाई कोर्ट ने आवेदनों को खारिज करते हुए कहा है कि सभी ने संविधान के अनुच्छेद 9 और 12 का उल्लंघन किया है। हाई कोर्ट ने चारों को मौत की सजा 2015 और 2018 के बीच सुनाई थी। सजा के खिलाफ इन लोगों की संबंधित सभी अपीलों को 2016 और 2020 के बीच खारिज कर दिया गया था। न्यायमूर्ति वैलेरी थीन ने कहा कि आवदेन उनके आपराधिक मामलों में अदालत के अंतिम फैसले के बाद से अपेक्षित तीन महीने की अवधि के बाहर दायर किया गया था।

# ब्रिटेन जाने वाले स्टूडेंट्स में सबसे ज्यादा भारतीय: एक साल में दुनियाभर से 5 लाख पहुंचे; हमने चीन को पीछे छोड़ा

**सिंगापुर।** ब्रिटेन में दूसरे देशों से आने वाले प्रवासियों की संख्या 5 लाख पार कर गई है। नेशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस ने साल 2021 से जून 2022 तक के आंकड़ें जारी कर यह जानकारी दी है। ONS के मुताबिक इस समय में यूरोप के बाहर से आने वाले लोगों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। इन आंकड़ों पर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता ने बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री प्रवासियों की संख्या को कम करने के लिए पूरी तरह से डेडिकेटेड हैं।

प्रवासियों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ने के पीछे कोविड नियमों में दी गई छूट को बताया गया है। ONS के आंकड़ों में यह भी सामने आया है कि इस दौरान ब्रिटेन में बाहर से पढ़ने आए छात्रों में सबसे ज्यादा भारत के रहे। इससे पहले चीन के स्टूडेंट्स की संख्या सबसे ज्यादा थी। भारतीय छात्रों को दिए जाने वीजा में 273 फीसदी की बढोतरी हुई है।

**स्किल्ड वर्कर वीजा हासिल करने वाले सबसे ज्यादा भारतीय**

सिर्फ स्टूडेंट ही नहीं बल्कि स्किल्ड वर्कर्स की कैटेगरी में भी ब्रिटेन से सबसे वीजा हासिल करने वाले भारतीय ही हैं। एक साल में भारत के 56042 स्किल्ड कामगारों को ब्रिटेन का वीजा मिला। वहीं हेल्थ एंड केयर सेक्टर में भी वीजा हासिल करने वाले भारतीय ही रहे। इस कैटेगरी में जारी कुल वीजा का 36 फीसदी हिस्सा भारतीयों का रहा। NOS ने यह भी बताया कि एक साल में आए प्रवासियों में उन लोगों को नहीं जोड़ा गया है जो छोटी नावों में समुद्र के रास्ते से आए हैं। इससे पहले साल 2015 में ब्रिटेन में सबसे ज्यादा 3,30,000 प्रवासियों के आने का रिकॉर्ड था। NOS के आंकड़ों में यह भी देखने को मिला की एक साल के दौरान ब्रिटेन को छोड़कर जाने वाले सबसे ज्यादा लोग यूरोपीय यूनियन के रहे। पिछले एक साल में ब्रिटेन आने वाले प्रवासियों में यूक्रेन, अफगान और हांग-कांग के लोग भी शामिल हैं।

## इंडियन ऑयल की यात्रा में एकजुट होकर करें काम : सुजय चौधरी

**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल के निदेशक (योजना और व्यवसाय विकास) सुजय चौधुरी ने कार्यकारी निदेशक एवं बिहार राज्य प्रमुख विभाष कुमार के साथ बरौनी रिफाइनरी का दौरा किया।

बरौनी रिफाइनरी (बीआर), बरौनी-कानपुर पाइपलाइन (बीकेपीएल) और बरौनी मार्केटिंग अधिकारियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बरौनी में इंडियन ऑयल के तीनों डिवीजनों के बीच तालमेल अच्छी है जो बीआर, बीकेपीएल और बरौनी मार्केटिंग प्रतिष्ठानों के प्रदर्शन में परिलक्षित हो रहा है।

ईंधन और पेट्रोकेमिकल्स दोनों के संदर्भ में देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमें पूरे भारत में सुगम समन्वय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मौजूदा परिदृश्य में इंडियन ऑयल के कारोबारी दृष्टिकोण को भी उन्होंने साझा किया।

उन्होंने कहा कि नेपाल इंडियन ऑयल के लिए एक कैप्टिव बाजार है, इसलिए बरौनी रिफाइनरी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी ईंधन आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा किया जाए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ईरान में हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र ने गठित किया जांच मिशन, प्रस्ताव पर मतदान से भारत गैरहाजिर

**जेनेवा।** ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हो रही घातक हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने गंभीर रुख अख्तियार किया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के विशेष सत्र में प्रस्ताव पारित कर ईरान में हिंसा की जांच के लिए विशेष टीम भेजने का फैसला हुआ। इस प्रस्ताव के लिए हुए मतदान से भारत गैरहाजिर रहा।

ईरान में बीते सितंबर माह में 22 वर्षीय महसा अमीन की पुलिस हिरासत में मौत के बाद लगातार आंदोलन जारी है। वहां प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कठोर हिंसक कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टूर्क ने ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक हिंसा की स्वतंत्र जांच की मांग की थी। इस पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने एक विशेष सत्र बुलाकर जांच मिशन गठित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव के समर्थन में 25 देशों ने और छह देशों ने विरोध में वोट किया। भारत सहित 16 देश मतदान से अनुपस्थित रहे। ऐसे में 25 देशों का समर्थन पाकर प्रस्ताव पारित हो गया और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने ईरान



A/HRC/S-35/L.1 (as orally revised) - Deteriorating situation of human rights in the Islamic Republic of Iran, especially with respect to women and children

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| YES | ARGENTINA | YES | HONDURAS | YES | NETHERLANDS |
| NO | ARMENIA | ABST | INDIA | NO | PAKISTAN |
| YES | BENIN | ABST | INDONESIA | YES | PARAGUAY |
| ABST | BOLIVIA (PLURINATIONAL STATE OF) | YES | JAPAN | YES | POLAND |
| ABST | BRAZIL | ABST | KAZAKHSTAN | ABST | QATAR |
| ABST | CAMEROON | YES | LIBYA | YES | REPUBLIC OF KOREA |
| NO | CHINA | YES | LITHUANIA | ABST | SENEGAL |
| ABST | COTE d'IVOIRE | YES | LUXEMBOURG | YES | SOMALIA |
| NO | CUBA | ABST | MALAWI | ABST | SUDAN |
| YES | CZECHIA | ABST | MALAYSIA | YES | UKRAINE |
| NO | ERITREA | YES | MARSHALL ISLANDS | ABST | UNITED ARAB EMIRATES |
| YES | FINLAND | ABST | MAURITANIA | YES | UNITED KINGDOM OF GREAT BRITAIN AND NORTHERN IRELAND |
| YES | FRANCE | YES | MEXICO | YES | UNITED STATES OF AMERICA |
| YES | GABON | YES | MONTENEGRO | ABST | UZBEKISTAN |
| YES | GAMBIA | ABST | NAMIBIA | NO | VENEZUELA (BOLIVARIAN REPUBLIC OF) |
| YES | GERMANY | YES | NEPAL | | |

में जांच मिशन भेजने का फैसला कर लिया।

इस विशेष सत्र में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टूर्क ने कहा कि ईरान में जो कुछ हो रहा है, वह बेहद तकलीफदेह है। बच्चों के मारे जाने की तस्वीरें, रास्तों-सड़कों पर महिलाओं को पीटे जाने की तस्वीरें और लोगों को मौत की सज़ा सुनाए जाने की तस्वीरें अब ईरान के लिए आम हो गयी हैं। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड समेत देश के सुरक्षा बलों ने आंदोलन के खिलाफ जानलेवा बारूद और गोलीबारी का प्रयोग किया है। ये प्रदर्शन अब ईरान के सभी राज्यों के 150 शहरों में और 140 विश्वविद्यालयों में फैल गए हैं।ईरान में मानवाधिकार स्थिति पर विशेष प्रतिनिधि जावेद रहमान ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की आवाज दबाने के प्रयास बीते सप्ताह के दौरान और ज़्यादा बढ़ गए हैं। अब तो बच्चों के खिलाफ भी कार्रवाई हो रही है। जावेद रहमान ने बताया कि बीते सप्ताह के दौरान लगभग पांच बच्चों सहित छह दर्जन से अधिक लोग मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर पीड़ित कुर्दिश इलाकों से हैं। उन्होंने बताया कि ईरान सरकार ने इस बारे में लगातार निराधार जानकारियां दी हैं।

ईरान की प्रतिनिधि ख़दीजेह करीमी ने कहा कि सरकार ने महसा अमीनी की मौत के बाद न्याय की ख़ातिर अनेक आवश्यक क़दम उठाए हैं। इन उपायों में एक स्वतंत्र, संसदीय जांच आयोग व एक फ़ोरेंसिक चिकित्सा टीम का गठन भी शामिल है। ईरान की प्रतिनिधि ने कहा कि जांच का विश्लेषण आधिकारिक रूप में सामने आने से पहले ही अनेक पश्चिमी देशों की पूर्वाग्रह से ग्रसित और जल्दबाज़ी से भरी प्रतिक्रिया सामने आई। ईरान के आंतरिक मामलों में पश्चिमी देशों की दखलंदाजी ने शांतिपूर्ण सभाओं को दंगों और हिंसा में तब्दील कर दिया।

## जयशंकर बोले- चीन के मुद्दे पर अडिग हैं पीएम मोदी:शी जिनपिंग से हाथ मिलाने पर आलोचना कर रहा था विपक्ष

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी चीन के मुद्दे पर अडिग रहे हैं। उन्हें चीन-भारत सीमा पर सेना की मजबूत तैनाती से आंका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन के साथ संबंध की वास्तविकता यह है कि वो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत का पड़ोसी भी है। हालांकि चीन के साथ हमारा इतिहास, संघर्ष और सीमा विवाद भी जुड़ा है।

**जी-20 बैठक में जिनपिंग से मिले थे पीएम मोदी**

हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 शिखर बैठक में पीएम मोदी गए थे। यहां पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाया। इस मुद्दे पर विपक्ष पीएम की आलोचना कर रहा था, जिसे



विदेश मंत्री ने खारिज कर दिया। **सीमा पर जवानों की तैनाती जरूरी-** जयशंकर जयशंकर ने कहा कि चीन से निपटने का सही तरीका यह है कि जब किसी को दृढ़ रहना हो तो दृढ़ रहना चाहिए। सीमा पर सैनिकों की तैनाती करना जरूरी है, जिससे अगर वो घुसपैठ की कोशिश करें तो हम उससे निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जहां कूटनीति की जरूरत होती है, वहां सार्वजनिक होना अक्सर उपयोगी होता है।